
* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
28 फरवरी, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 131
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

मनीष सिसोदिया को पांच दिन की सीबीआइ रिमांड, शराब नीति केस में होगी पूछताछ





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 68,000 रु./प्रति किलो |

## बड़ा सवाल : गांधी परिवार मुक्त छवि से पार्टी को कितना मिलेगा लाभ

# रायपुर महाधिवेशन में कांग्रेस ने क्या हासिल किया!

## ■ 2024 चुनाव के लिए रोडमैप बनाने की हुई कोशिश

## ■ भारत जोड़ो यात्रा के फलाफल का नहीं हुआ आकलन

आजाद सिपाही विशेष

छत्तीसगढ़ के रायपुर में कांग्रेस का 85वां महाधिवेशन खत्म हो गया। इस महाधिवेशन में कई बड़े निर्णय लिये गये। नौ राज्यों में विधानसभा और लोकसभा चुनाव से पहले यह कांग्रेस की सबसे बड़ी बैठक थी। देश भर से 15 हजार से ज्यादा कांग्रेसी पदाधिकारी यहां पहुंचे थे। महाधिवेशन में शराब पर लगी पाबंदी हटने से लेकर पार्टी की उच्चतम कमिटी में महिलाओं, युवाओं, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की भागीदारी बढ़ाने तक क्या-क्या फैसले लिये गये और इसके क्या मायने हैं, यह जानना बहुत दिलचस्प है। कांग्रेस महाधिवेशन के पांच बड़े फैसलों में पार्टी की सर्वोच्च समित, यानी कार्यसमिति का चुनाव नहीं हुआ और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इसका सदस्य चुनने का अधिकार दिया जाना शामिल है। इसके अलावा कार्यसमिति में अब 50 फीसदी सीटें युवाओं, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित रखने, संगठन को और व्यवस्थित करने, 2025 से सब कुछ डिजिटल पर शिफ्ट करना और सदस्यता फॉर्म में ट्रांसजेंडर का कॉलम जोड़ने और माता और पत्नी का नाम भी जोड़ने के साथ एआइसीसी सदस्यों की संख्या भी बढ़ाने का फैसला लिया गया। इस महाधिवेशन की एक खास बात यह रही कि लगभग हर निर्णय में कांग्रेस पार्टी ने इस बार युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और हर जातिवर्ग को साथ लेकर चलने के प्रयासों पर बल दिया है। तीन दिन तक चले इस महाधिवेशन के दौरान 2024 के चुनाव के लिए रोडमैप बनाने की कोशिश के साथ भारत जोड़ो यात्रा के फलाफल का आकलन करने की भी कोशिश की गयी, लेकिन कुछ बड़ा नतीजा सामने नहीं आया। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि पार्टी की गांधी परिवार मुक्त छवि का कितना लाभ मिलेगा। इन तमाम सवालों का जवाब तलाश रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

रायपुर में कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन का रविवार 26 फरवरी को समापन हो गया। करीब साढ़े छह दशक तक देश पर एकछत्र शासन करनेवाली कांग्रेस लंबे अरसे से राजनीति की मुख्यधारा में वापसी की राह ताक रही है। मजबूत विपक्ष और राष्ट्रीय राजनीति में मजबूत विकल्प का तमगा हासिल करने के लिए कांग्रेस एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। इस महाधिवेशन के समापन के साथ कई चीजें नजर आयीं। संगठन की मजबूती और राजनीतिक रणनीति जैसी चीजों का खाका बनता दिखा। महाधिवेशन में कांग्रेस ने 2024 के आम चुनावों के मद्देनजर अपनी रणनीति पर मंथन कर उसे आकार देने का प्रयास भी किया।

### बदली-बदली सी नजर आयी कांग्रेस

रायपुर महाधिवेशन कांग्रेस में दो चीजें ज्यादा ध्यान खींचती नजर आयीं। 'भारत जोड़ो यात्रा' और कांग्रेस के नये गैर-गांधी शख्स अध्यक्ष। महाधिवेशन में मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व को सामने रखने की कोशिश की गयी। इस मकसद था कि संगठन को चलाने की जिम्मेदारी और प्रशासनिक कामकाज खड़गे ही देखेंगे। वहीं कांग्रेस को जमीन पर मजबूत करने का जिम्मा राहुल गांधी के पास रहेगा। महाधिवेशन में राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' रेखांकित कर उनके चेहरे और कद को उभारने की कोशिश की गयी। इसके निहितार्थ साफ है कि पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर राहुल गांधी का नेतृत्व और कद बढ़ाना चाहती है। कांग्रेस संचालन समिति की बैठक से गांधी परिवार दूर नजर आया। इस दूरी के पीछे यह सोच देने की कोशिश की गयी कि संगठन के कामकाज के लिए अब पार्टी के पास अपना अध्यक्ष है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' जमीन पर राहुल गांधी के नेतृत्व को स्थापित करने के एक बड़े मौके की तरह सामने आयी। यहां उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने चुनौती के रूप में उभारने की भरपूर कोशिश की गयी, लेकिन पार्टी शायद इसमें सफल नहीं हो सकी।



### 2024 की तैयारी

कांग्रेस ने समान विचारधारा वाली धर्मनिरपेक्ष ताकतों की पहचान कर उन्हें लामबंद करने की बात कही। पार्टी के राजनीतिक प्रस्ताव में एनडीए का मुकाबला करने के लिए एक संयुक्त विपक्ष की जरूरत पर जोर दिया गया, लेकिन इसके पीछे कांग्रेस ने खुद की स्थिति भी टटोली है। आगामी विधानसभा चुनावों में अगर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक में उसका प्रदर्शन बेहतर रहता है, तो कांग्रेस का कद और प्रभाव दोनों बढ़ेगा। इससे कांग्रेस विपक्षी एकता के नेतृत्व के लिए अधिक दावेदार भी होगी। वहीं महाधिवेशन से यह बात सामने आयी कि 2024 के चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस को एक नैरेटिव की जरूरत होगी। इसके मद्देनजर विजन डॉक्यूमेंट की बात की गयी। ऐसा विजन डॉक्यूमेंट, जो लोगों के सामने एक विकल्प दे सके। देश में कथित नफरत और डर के माहौल के साथ-साथ संवैधानिक संस्थाओं पर हमले का आरोप लगाने वाली कांग्रेस ने इससे निपटने के लिए अपने इरादे जाहिर किये हैं, लेकिन कोई विकल्प नहीं दे पायी। कांग्रेस घृणा-अपराधों के खिलाफ कानूनों को लाने की बात कह रही है। साथ ही वह अभिव्यक्ति की आजादी को बाधित करने वाले तमाम नियमों और कानूनों की समीक्षा के भी पक्ष में है। इसके अलावा कांग्रेस चुनाव सुधार, पुलिस सुधार और दल-बदल कानून में संविधान संशोधन का इरादा जाहिर कर एक नैरेटिव सेट करने की कोशिश में है।

### संगठन सुधार की रूपरेखा

उदयपुर के चिंतन शिविर में कांग्रेस ने संगठन के भीतर बदलाव के जो संकल्प लिये थे, महाधिवेशन में उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए पार्टी ने उसमें और स्पष्टता देने की कोशिश की। मसलन, कांग्रेस की सबसे छोटी इकाई बूथ और ब्लॉक स्तर से लेकर पार्टी की सर्वोच्च इकाई कांग्रेस कार्यसमिति तक में समाज के सभी तबकों की उचित भागीदारी सुनिश्चित की जाने की बात कही गयी है। महिला, युवा, दलित, आदिवासी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को 50 फीसदी आरक्षण देने की बात कर कांग्रेस संगठनात्मक सुधारों की ओर आगे बढ़ने का संकेत देती दिख रही है। माना जा रहा है कि इससे आगामी चुनावों के मद्देनजर पार्टी में नया नेतृत्व उभरने की संभावना बढ़ेगी। उधर कांग्रेस कार्यसमिति का आकार बढ़ा कर भी पार्टी के भीतर सबको साथ लेकर चलने की कोशिश दिखाई दी। जहां सर्वोच्च नीति निर्धारण इकाई में गांधी परिवार की भूमिका सुनिश्चित होती दिखी, तो वहीं खड़गे को अपने हिसाब से अपनी टीम बनाने और खुले हाथ से खेलने का मौका भी मिलेगा।

### चुनौतियां हैं सामने

महाधिवेशन में पार्टी में संगठन के स्तर पर सुधार और सर्वसम्मति बनाने की कोशिश होती दिखाई दी, लेकिन चुनौती होगी इन नियम कायदों को जमीन पर उतारने की। कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती पार्टी की गुटबाजी और आपसी खींचतान है। जीत की उम्मीद लिये बैठी कांग्रेस को चिंता यह भी है कि कहीं विधानसभा चुनावों में आपसी गुटबाजी लुटिया न डुबा दे। वहीं संगठन सुधारों को जमीन पर उतारने को लेकर भी कुछ व्यावहारिक दिक्कतें दिख रही हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के एक प्रतिनिधि का कहना था कि बड़े शहरों में पार्टी में महिलाएं मिल जायेंगी, लेकिन गांवों और छोटे शहरों में महिला भागीदारी को कैसे सुनिश्चित किया जा सकेगा।

कुल मिला कर रायपुर महाधिवेशन कांग्रेस के लिए उम्मीद की एक किरण बन कर जरूर आया, लेकिन आक्रामक राजनीति के इस दौर में पार्टी की भावी रणनीति को कोई अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। इसका मुख्य कारण शायद पार्टी नेतृत्व में गांधी-नेहरू परिवार की गैर-मौजूदगी रही। अब इस महाधिवेशन से पैदा हुए सवालों का जवाब खड़गे को तो देना ही है, राहुल गांधी की तरफ भी निगाहें होंगी।

## बजट सत्र के पहले दिन सीएम का स्वागत





झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और झारखंड विधानसभा के सचिव जावेद हैदर ने स्वागत किया।

## सिसोदिया की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक सरकारों की आवाज दबाने का एक और बेशर्म प्रयास : हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री सह आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेता मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी काफी निराशाजनक है। यह लोकतांत्रिक तरीकों से चुनी गयी राज्य सरकारों की आवाजों पर एक हमला करने जैसा है। साथ ही इन सरकारों को दबाने का एक और बेशर्म प्रयास है। यह वैसी सरकारे हैं, जो विशेष रूप से हाशिये के लोगों और उनके मुद्दों के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। बता दें कि दिल्ली के उप मुख्यमंत्री को शराब घोटाले मामले में सीबीआइ ने रविवार शाम को गिरफ्तार किया था।

## झारखंड विधानसभा के पास 24 मार्च तक रहेगी निषेधाज्ञा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को लेकर विधानसभा के 750 मीटर की दूरी तक निषेधाज्ञा लागू की गयी है। निषेधाज्ञा में किसी तरह का जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव पर पूरी तरह से पांबदी लगा दी गयी है। इसे लेकर सोमवार को एसडीओ ने धारा-144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लगा दी है। यह निषेधाज्ञा 24 मार्च की रात 11:30 बजे तक के लिए लागू की गयी है। इस दौरान पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने, किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली, ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने पर रोक लगा दी गयी है। सिर्फ सरकारी पदाधिकारी हथियार, ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग कर सकेंगे।

## सिर्फ विधानसभा के अंदर और कागज के पन्नों में जीरो टॉलरेंस : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने विधानसभा के बाहर रामगढ़ में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के प्रतिनिधि की हुई हत्या को लेकर सरकार पर हमला किया। उन्होंने कहा कि जिस रूप से घटनाएं घट रही हैं, यह सरकार की जवाबदेही है। सिर्फ विधानसभा के अंदर और कागज के पन्नों में जीरो टोलरेंस की बात हो रही है। रामगढ़ में इससे पहले भी एक



आजसू कार्यकर्ता की हत्या हुई थी। राज्य में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। रांची का मेन रोड तक सुरक्षित नहीं है।

## अपराधी बेलगाम हैं और पुलिस कमीशनखोरी कर रही : अंबा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने रामगढ़ में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए गंभीर आरोप लगाये हैं। बजट सत्र के पहले दिन उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, अपराधी बेलगाम हैं और पुलिस कमीशनखोरी कर रही है।

**यह हमला मुझ पर हमला है**

बड़कागांव से कांग्रेस पार्टी की विधायक अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि को दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी। विधायक ने इस हत्या को खुद पर हमला करार दिया है। पुलिस अपराधियों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि अपराधियों



को पुलिस का संरक्षण नहीं मिला हुआ रहता तो वे सरेआम एक विधायक प्रतिनिधि को गोली मारने की हिम्मत कैसे करते? एक दर्जन गोलियां बरसायीं गयीं। मौजूद सरकार से बेहतर पूर्व सरकार के सवाल पर अंबा ने कहा कि पूर्व सरकार में पुलिस खुद गोली चलाती थी अभी अपराधी गोली चला रहा है।

## झारखंड में सरकार भ्रष्ट अफसरों को बचाने में जुटी है : बाबूलाल मरांडी

बजट सत्र के पहले दिन हेमंत सरकार पर जम कर निशाना साधा, कहा- प्रदेश में अपराधी बेलगाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने बजट सत्र के पहले दिन हेमंत सरकार पर जम कर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने सोमवार को मीडिया से कहा कि जिस तरह से राज्य में घटनाएं बढ़ रही हैं, उससे यही लगता है कि पूरा प्रदेश अराजक स्थिति में पहुंच गया है। उन्होंने रामगढ़ में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि की घटना पर भी प्रतिक्रिया दी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रामगढ़ की घटना के बाद जिस तरह से पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद का बयान सामने आया है, इससे साफ लग रहा है कि किस तरह से जेल से सेटिंग होती है। लेकिन जब हम लोग इस बात को उठाते हैं, तो सरकार कहती है कि विपक्ष सरकार पर आरोप लगा रहा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में लूटपाट का बोलबाला है। सरकार भ्रष्ट अफसरों को बचाने में जुटी हुई है। यही वजह है कि एक के बाद एक कांड के उद्भेदन होने के बावजूद राज्य सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्ट अफसरों की पोस्टिंग राज्य को लूटने के लिए करते हैं। उस लूट से सरकार को हिस्सा भी मिलता है। अगर गलती से कोई अफसर पकड़ा जाता है, तो उस भ्रष्ट अफसर को बचाने के लिए मुख्यमंत्री एड़ी-चोटी का जोर लगा देते हैं।

पूजा सिंघल पर करप्शन एक्ट के तहत कार्रवाई करने की फाइल सीएम ने रोक रखी है। आखिर वह एफआइआर की अनुमति क्यों नहीं दे रहे हैं। इंजीनियर वीरेंद्र राम पकड़ा गया है। उसके मामले में भी एसीबी ने जांच की अनुमति मांगी थी, लेकिन मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री ने क्यों नहीं अनुमति दी। मरांडी ने कहा कि सुनियोजित रूप से भ्रष्ट अधिकारियों को पदस्थापित किया जाता है और इसमें बड़े पैमाने पर अवैध वसूली की जाती है। पुलिस पदाधिकारियों की पोस्टिंग में भी यही हाल है, जिस वजह से राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जगह-जगह ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को पदस्थापित कर रखा है, जिसका मकसद साफ है कि तुम लूटो। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महत्वपूर्ण जगहों पर भ्रष्ट अधिकारियों को तैनात करना कहीं से भी उचित नहीं है, लेकिन अगर मंशा सही नहीं हो तो ऐसे ही निर्णय लिये जाते हैं।

तुपुदाना थाना प्रभारी का उदाहरण देते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गौ तस्करों द्वारा संध्या टोपनो की हत्या के बाद जिसे थाना प्रभारी बनाया गया है, उसे एसीबी ने रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़ा था। तुपुदाना थाना प्रभारी के खिलाफ अदालत में अभी भी मामले चल रहे हैं, लेकिन सरकार ने यह अनदेखा कर उसे तुपुदाना जैसे महत्वपूर्ण जगह पर पदस्थापित कर दिया।

बाबूलाल मरांडी ने रांची में सेना की जमीन घोटाला और उसमें तत्कालीन डीसी छवि रंजन की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए कहा कि यह एक ऐसा घोटाला है जो अब तक का सबसे बड़े घोटाले के रूप में जाना जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जानबूझकर इसे दबाना चाहती है और कोई कार्रवाई नहीं कर रही है क्योंकि इसमें कई सफेदपोश और पदाधिकारी भी शामिल हैं।

28 फरवरी, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 131

प्रयागराज : उमेश पाल हत्याकांड के शूटर अरबाज को पुलिस ने किया ढेर, धूमनगंज के पीपलगांव में हुई मुठभेड़









# रांची के डॉक्टर अंचल कुमार पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

- गुलमोहर अस्पताल के संचालक और हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं डॉक्टर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में इन दिनों लगातार डॉक्टरों के साथ मारपीट की खबरें सामने आ रही है। ताजा खबर राजधानी रांची की है। रांची के डॉ अंचल पर जानलेवा हमला हुआ है। वह हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं। बूटी स्थित गुलमोहर अस्पताल के संचालक भी हैं। घायल अवस्था में डॉक्टर को आनन-फानन में मेडिका अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। उनकी हालत गंभीर बतायी जा रही है।

### घर में आये थे अपराधी

जानकारी के मुताबिक डॉ अंचल का घर रांची के बरियातु स्थित जयप्रकाश नगर में है। सोमवार सुबह अपराधी उनके घर में घुस आये। अपराधियों ने डॉक्टर के साथा गाली-गलौच और फिर मारपीट भी की। डॉक्टर पर पीछे से कुल्हाड़ी से वार भी किया



गया। जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गये। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से भागने में सफल रहे। वहीं डॉक्टर को परिजनों ने गंभीर हालत में मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया। उनके सिर पर माइनर बोन फ्रैक्चर है। सिर पर गहरा वार किया गया, जिस वजह से 16 से 17 टांके लगाये गये हैं। फिलहाल डॉक्टर अंचल को होश आ गया है। लेकिन हालत गंभीर है।

### घर जाकर पुलिस ने ली जानकारी

इधर, परिजनों ने घटना की जानकारी सदर थाना में दे दी गयी है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। डॉ. अंचल कुमार के साथ मारपीट करने वाला और हमला करने वाला व्यक्ति कौन था? इस हमले के पीछे की वजह क्या है? इन तमाम बातों की जानकारी पुलिस लेने का प्रयास कर रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जुगाड़ में जुटी है।

## राज्यपाल के अभिभाषण से विधानसभा का बजट सत्र शुरू

# एक आदमी की सालाना कमाई बढ़ कर 78660 रुपये : राधाकृष्णन

- राज्यपाल ने गिनायी सरकार की उपलब्धियां
- कोरोना, किसान, रोजगार और झारखंड के विकास पर रहा केंद्रित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को शुरू हो गया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण से इसकी शुरूआत हुई। उन्होंने हेमंत सरकार की उपलब्धियां गिनायीं। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार ने लोक और तंत्र की परस्पर सहभागिता से सरकार के संचालन का विशिष्ट उदाहरण पेश किया है। लोकतंत्र की सार्थकता जनता का, जनता के लिए और जनता के द्वारा शासन में निहित है। सरकार ने इसे सही मायने में चरितार्थ करके दिखाया है। कोरोना संकट के दौरान झारखंड में प्रति व्यक्ति आय 71 हजार रुपये से अधिक थी। बाद में बढ़ कर 78 हजार से अधिक हो गयी।

**सरकार की प्राथमिकता में गरीब और वंचित :** राधाकृष्णन ने कहा कि नीति-निर्माण से लेकर निर्णय लेने तक और निर्णयों के क्रियान्वयन से लेकर सरकारी योजनाओं की मॉनिटरिंग तक, हर क्षेत्र में जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सरकार की प्राथमिकता गरीबों, वंचितों, शोषितों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़े, अल्पसंख्यकों, बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों और किसान का सर्वांगीण विकास है।



### अंग्रेजी में पढ़ा अभिभाषण, माफी भी मांगी

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अपने अभिभाषण की शुरूआत हिंदी में की। उन्होंने झारखंड के शहीदों को नमन किया। इसके बाद उन्होंने अपना पूरा भाषण अंग्रेजी में दिया। राज्यपाल ने अभिभाषण खत्म होने के बाद हाथ जोड़ कर विधायकों से कहा कि मेरी हिंदी बहुत अच्छी नहीं है। अगर मुझसे कोई गलती हो गयी हो तो माफ करें। अगर मैंने अपनी अंग्रेजी स्पीच में कहीं गलत पढ़ा हो तो मुझे माफ करना। इसके पहले सुबह 11 बजे राज्यपाल की आगवानी के लिए विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सदन से बाहर पहुंचे। विधानसभा परिसर में राज्यपाल को गार्ड ऑफ आनर दिया गया। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान एक लंबे अरसे बाद शांति का माहौल रहा। विपक्षी दल के सदस्य शांत रहे। उन्होंने किसी तरह की टोकाटोकी नहीं की। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 मार्च तक चलेगा। इस दौरान कुल 18 कार्य दिवस होंगे। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 3 मार्च को बजट पेश किया जायेगा।

झारखंड की अस्मिता, संस्कृति, भाषा और सभ्यता को बढ़ावा देते हुए विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**कोरोना से झारखंड ने डट कर किया मुकाबला :** राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार के दूरदर्शी और सशक्त निर्णयों की वजह से कोरोना की तीसरी लहर कहर नहीं बन पायी। सरकार ने जहां कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के सभी संभव उपाय किये, वहीं अर्थव्यवस्था को भी पटरी से नहीं उतरने दिया। सरकार ने जितना काम कोविड रोकथाम, कोविड अनुकूल व्यवहार और अस्पताल प्रबंधन के लिए किया, उतना ही काम गरीबों की रोजी-रोटी, बच्चों की शिक्षा, युवाओं के रोजगार, विकास के काम और जन कल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए भी किया। कोरोना महामारी के काल मे जहां वर्ष 2020-21 में देश का आर्थिक विकास दर ऋणात्मक (-6.6) रहा, वहीं झारखंड की विकास दर ऋणात्मक (-5.5) प्रतिशत रही। वर्ष 2021-22 में आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है। कोरोना महामारी के काल मे झारखंड में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2020-21 में 70,071 रुपए थी, जो 2021-22 में बढ़ कर 78,660 रुपये हो गयी।

**किसान, रोजगार और विकास पर रखी बात :** राज्यपाल ने कहा कि झारखंड की सरकार भारत के सुनहरे भविष्य में अपना योगदान देने के लिए कृतसंकल्प है। रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट का विस्तार किया जायेगा। इसके अलावा धनबाद, गुमला और लोहरदगा में नये समाहरणालय का निर्माण किया जायेगा।

राज्यपाल ने कहा कि कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। सरकार ने कृषि ऋण माफी योजना की शुरुआत की, जिसका लाभ 4.5 लाख किसानों को मिला। 26 जिलों को सुखाड़ग्रस्त घोषित किया गया और इसके लिए 9,681 करोड़ रुपये केंद्र से मांगे। केंद्रीय टीम ने राज्य का दौरा किया। हमारी सरकार ने 461 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत किसानों के खाते में ट्रांसफर किये। हर किसान को 3,500 रुपये मिले। उन्होंने कहा कि छह लाख से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट स्कीम का लाभ मिला। मत्स्यपालन में झारखंड ने शानदार प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का 39 हजार लोगों को लाभ मिला है। राज्यपाल ने महिला सशक्तिकरण, मनरेगा, आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, छात्रों को फ्री कोचिंग, स्कूलों में स्मार्ट क्लास समेत अन्य बातों का जिक्र किया।

# पूर्व विधायक प्रशांत मंडल की पत्नी ममता बनीं राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गोड्डा जिला के पोड़ैयाहाट के पूर्व विधायक प्रशांत मंडल की पत्नी ममता कुमारी को राष्ट्रीय महिला आयोग का सदस्य बनाया गया है। इसे लेकर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से 24 फरवरी को ही अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के मुताबिक ममता के अलावा मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स की डेलिना खोंगडुप और चेन्नई की खुशबू सुंदर को भी महिला आयोग का सदस्य बनाया गया है।

### ममता ने पीएम मोदी का जताया आभार



ममता कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल से आभार और धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने झारखंड जैसे राज्य से एक पिछड़े वर्ग की महिला को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है कि उस राज्य की महिला को राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य बनाया है जिस राज्य में अब तक महिला आयोग का गठन तक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस जिम्मेवारी के बाद उनकी प्राथमिकता में ट्रैफिकिंग, आरक्षण, बालविवाह और भ्रूण हत्या जैसे मुद्दे समाहित होंगे। केंद्र सरकार के अनुरूप और उनकी अपेक्षा पर खड़ा उतरने का प्रयास करूंगी।

# इंजीनियर रामपुकार राम के यहां इडी का छापा

- चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम खोल रहे राज, बढ़ रहा दायरा
- रामपुकार ने मोबाइल फेंकी, महत्वपूर्ण कागजात फाड़े

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण कार्य विकास विभाग के इंजीनियर रामपुकार राम के यहां प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सोमवार को छापा मारा। रामपुकार राम गिरफ्तार इंजीनियर वीरेंद्र राम का जूनियर है। इडी को इस पर वीरेंद्र राम के साथ कमीशन बांटने में संलिप्त होने का शक है। छापेमारी के दौरान रामपुकार ने अपना मोबाइल फेंक दिया और कागजात फाड़े।



सूत्रों की मानें तो इडी के रिमांड में चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम पूछताछ में धीरे-धीरे राज खोल रहे हैं और इडी का दायरा बढ़ता जा रहा है। आने वाले दिनों में और भी इंजीनियर, अधिकारी और नेताओं के खिलाफ इडी कार्रवाई संभव है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों इडी ने ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीयिर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापा मारा था। इडी को वीरेंद्र राम के धनकुबेर होने की जानकारी मिली। छापामारी में 1.50 करोड़ के जेवरात और 40 लाख रुपये नगद के अलावा 100 करोड़ रुपये अधिक की अवैध कमाई की जानकारी मिली थी। इडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया। कोर्ट ने वीरेंद्र राम को पांच दिन के लिए इडी की रिमांड पर भेजा है। इडी की पूछताछ का सोमवार को तीसरा दिन था। सूत्रों के मुताबिक वीरेंद्र राम इडी के सामने कई राज उगल चुका है। अपने मातहतों से लेकर ऊपर तक के अधिकारी और नेता के कमीशनखोरी में शामिल होने की बात कही है। इसी क्रम में वीरेंद्र राम के मातहत इंजीनियर रामपुकार के यहां छापेमारी हुई। सूत्रों का कहना है कि रामपुकार के यहां से भी अवैध कमाई और कमीशनखोरी के कई सबूत इडी को हाथ लगे हैं। देर रात तक छापेमारी जारी थी।

## मनीष सिसोदिया को पांच दिन की सीबीआइ रिमांड पर भेजा गया

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कोर्ट ने सीबीआइ को दिल्ली सरकार के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की 4 मार्च तक की रिमांड दे दी है। सिसोदिया को सोमवार दोपहर 3:10 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। करीब 30 मिनट की सुनवाई के बाद सीबीआइ की रिमांड की मांग पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। दिल्ली शराब नीति केस में जांच एजेंसी ने सिसोदिया की 5 दिन की कस्टडी मांगी थी, जिसे कोर्ट ने मान लिया। गौरतलब है कि सीबीआइ ने रविवार को आठ घंटे की पूछताछ के बाद सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था। जांच एजेंसी ने कहा था कि सिसोदिया सवालों के सही जवाब नहीं दे रहे हैं। इसलिए रिमांड जरूरी है।

## सप्तम् पुण्यतिथि



**स्व॰ कौशल किशोर सिंह**
(15.01.1940 - 28.02.2016)

आपकी स्मृतियां सदैव हम सभी के मानस पटल पर अंकित रहेगी.
षष्ठी पुण्यतिथि पर हम सभी की ओर से आपको हार्दिक श्रद्धांजलि।

आपकी यादों में :
अमरेन्द्र कुमार (पुत्र) – रूबी देवी
इन्दु देवी – विजय कुमार
रमेन्द्र कुमार – अनिता देवी
शशांकराज, सृष्टिराज, सुर्यांशराज, सारांशराज (दर्श)
संस्था : लिटिल विंग्स स्कूल, बुटी मोड़, राँची।
संस्था : आर एस ग्रुप ऑफ कंपनी,
माँ शांति देवी फाउंडेशन।

# रामगढ़ उपचुनाव संपन्न 67.96 फीसदी मतदान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। निर्वाचन आयोग के मुताबिक 67.69 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले। इसी के साथ 18 उम्मीदवारों का भाग्य इवीएम में कैद हो गया। मतदान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। अब 2 मार्च को मतगणना होगी। रामगढ़ उपचुनाव में विधानसभा क्षेत्र के कुल 3,35,734 मतदाताओं में 1,15,931 पुरुष और 1,12,221 महिला वोटरों ने अपने मत का प्रयोग किया। पुरुष से अधिक महिला मतदाताओं ने वोट डालने में रुचि दिखायी। पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 66.79 रहा, जबकि महिला मतदाताओं का प्रतिशत 69.19 रहा।

**कांग्रेस-आजसू भिड़े :** रामगढ़ के सुभाष चौक स्थित छावनी बालिका विद्यालय के बूथ नंबर एक और दो में हंगामा हुआ। यहां कांग्रेस और आजसू के कार्यकर्ता आपस में भिड़े। वे वोटिंग प्रभावित करने का आरोप एक दूसरे पर लगा रहे थे। सूचन मिलते ही पुलिस पहुंची और मामले को शांत कराया। इस दौरान वोटिंग जारी रही।

## नॉर्थ-ईस्ट के तीन राज्यों का एग्जिट पोल

# त्रिपुरा और नगालैंड में भाजपा गठबंधन को बहुमत, मेघालय में हंग असेंबली का अनुमान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड विधानसभा चुनाव का एग्जिट पोल आना शुरू हो गये हैं। इंडिया टुडे- एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल के अनुसार त्रिपुरा में भाजपा गठबंधन सरकार फिर सत्ता में आ सकती है। भाजपा को 36 से 45, लेफ्ट पार्टियों को 6 से 11 और टीएमसी को 9 से 16 सीटें मिलने का अनुमान है। पहली बार चुनाव लड़ी तिपरा मोथा पार्टी को करीब 20% वोट मिलने का अनुमान है। भाजपा को 45% वोट मिलने का अनुमान है। इंडिया टुडे- एक्सिस माय इंडिया के अनुसार मेघालय में एनपीपी को 18 से 24 बीजेपी को 4 से 8, कांग्रेस को 6 से 12 सीटें मिलने का अनुमान है। जी न्यूज-मेट्राइस के एग्जिट पोल के अनुसार बीजेपी को 6 से 11, एनपीपी को 2 से 21, टीएमसी को 8 से 13 कांग्रेस को 3 से 6 सीटें और अन्य दलों को 10 से 19 सीटें मिलने का अनुमान है। यानी किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलेगा। नगालैंड में बीजेपी गठबंधन को 35 से 43, एनपीएफ को 2 से 5, एनपीपी को 0 से 1, कांग्रेस को 1 से 3 और अन्य दलों को 6 से 11 सीटें मिलने का अनुमान है। यहां भी भाजपा गठबंधन को बहुमत मिल सकता है।

**नगालैंड में 2315 बूथ, मैदान में 183 कैंडिडेट :** नगालैंड के 16 जिलों की 60 विधानसभा सीटों में से 59 पर सोमवार को मतदान हुआ। दरअसल, 10 फरवरी को अकुलुतो विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के कैंडिडेट खेकाशे सुमी ने नामांकन वापस ले लिया था, जिसके बाद भाजपा कैंडिडेट कजेतो किनिमी को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया। चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर वी. शशांक शेखर ने बताया कि राज्य में कुल 13 लाख मतदाता हैं। 59 सीटों के 2,315 मतदान केंद्रों पर वोटिंग हुई। 183 कैंडिडेट चुनावी मैदान में हैं, जिसमें 4 महिला और 19 निर्दलीय कैंडिडेट शामिल हैं।

**मेघालय में 3419 बूथ, मैदान में 375 कैंडिडेट :** मेघालय के 12 जिलों की 60 विधानसभा सीटों में 59 पर मतदान हुआ। इसके लिए 3419 मतदान केंद्र बनाये गये थे। यहां एनपीपी 57 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि कांग्रेस और बीजेपी ने 60-60 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इसके अलावा टीएमसी के 56 कैंडिडेट भी चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य में कुल 30 लाख मतदाता हैं।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 28 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in


# नाबार्ड ने एफपीओ निदेशकों की कार्यशाला का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** नाबार्ड के द्वारा सात जिलों के 40 से अधिक एफपीओ (प्रोड्यूसर कंपनियों) के 80 निदेशकों के लिये आईएआरआई गौरियाकरमा में तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य इन जिलों के चुनिन्दा एफपीओ को विभिन्न हितधारकों के साथ अधिकाधिक समन्वय और बैंक ऋण के सहयोग और विशेषकर आईसीएआर के द्वारा विकसित तकनीकों और फसल-किस्मों नस्लों से किसानों को लाभ पहुंचने वाली विभिन्न गतिविधियों के आधार पर बिजनस प्लान बनाने और कृषि उत्पादों के वैल्यू चैन के विकास के लिये क्रमबद्ध कार्य-योजना बनाना था। इस कार्यक्रम में नाबार्ड द्वारा 7 जिलों (हजारीबाग, गढ़वा, लातेहार, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, सराईकेला-खरसावाँ और छात्र) में गठित और विकसित किये जा रहे 40 एफपीओ के कुल 80 निदेशक, एफपीओ के संचालन, बिजनस प्लान और संभावित क्षेत्रों में विशिष्ट उत्पादों में प्रोसेसिंग के द्वारा अच्छे मार्केट में पैठ बनाने की योजना बनाने पर कार्य करेंगे। इसके अलावा प्रशिक्षु निदेशक एक मॉडल एफपीओ के कार्यालय प्रबंधन, खाता प्रबंधन और व्यापार प्रबंधन के मॉडल एफपीओ का भ्रमण कर उनका प्रत्यक्षण भी करेंगे।



कार्यक्रम के दौरान निदेशकों ने विभिन्न सत्रों में आईएआरआई के कार्यकारी निदेशक डॉ विशाल नाथ पाण्डेय, वरीय वैज्ञानिक डॉ. पंकज कुमार सिन्हा और अन्य वैज्ञानिकों तथा जिला कृषि पदाधिकारी और उनके कार्यालय के पदाधिकारिओ और एफपीओ सेक्टर के अनुभवी प्रशिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त करने के साथ आईएआरआई में उपलब्ध और नयी तकनीकों से लाभान्वित हुआ। इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक सम्पन्न करने में आईएआरआई के नोडल पदाधिकारी वैज्ञानिक डॉ. पंकज कुमार सिन्हा की प्रमुख भूमिका रही।

## प्री-बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर लिया भाग

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं में कोडरमा जिले के सरकारी विद्यालयों की छात्र-छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन हो, इसके लिये जिला प्रशासन कोडरमा कटिबद्ध है। उपायुक्त आदित्य रंजन की पहल से प्रोजेक्ट रेल 2.0 के माध्यम से कोडरमा जिले के सभी विद्यालयों में प्री-बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ किया गया। प्री-बोर्ड परीक्षा के तहत 10वीं के छात्र-छात्राओं का गणित और 12वीं के छात्र-छात्राओं का विज्ञान, वाणिज्य, कला से अंग्रेजी विषय का परीक्षा लिया गया। प्रोजेक्ट रेल के तहत हो रहें इस प्री-बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्री बोर्ड परीक्षा दो पालियों में आयोजित किया गया। सभी विद्यालयों में प्रथम पाली में 10वीं की प्री बोर्ड परीक्षा ली गयी, वहीं दूसरी पाली में 12वीं की छात्र-छात्राओं का प्री बोर्ड परीक्षा संपन्न हुयी। बोर्ड परीक्षा के अनुकूल बोर्ड रॉल नबंर के अनुसार छात्र-छात्राओं को क्लास में कतारबद्ध बैठाया गया। प्री-बोर्ड परीक्षा का अपने-अपने प्रखंड अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व पीएमयू सदस्यों द्वारा निरीक्षण भी किया गया। ज्ञात हो कि प्रश्नपत्र का पैंटर्न मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को ध्यान में रखकर शिक्षकों की गठित टीम द्वारा तैयार किया गया था।

## उपायुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी ने पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** मरकच्चो प्रखंड के डगरनवां पंचायत के बंदरचोकवा गांव में सोमवार को वन रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पु रजक शामिल हुये। गांव के ग्रामीण महिलाओं के द्वारा पारंपरिक तरीके से पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। उपायुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पेड़ों की रक्षा के लिये पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा और वन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जंगल बचाने के साथ-साथ इस साल बारिश के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पौधें लगायें। उपायुक्त ने ग्रामीणों को वन रक्षा, पौधा लगाना और जल संरक्षण का कार्य पूर्ण करने के साथ-साथ सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लेकर अपने आजीविका में वृद्धि लाने हेतु विस्तार पूर्वक बताया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जंगल हमें सब कुछ देता है, इसलिये जंगल बचाना हमारा कर्तव्य होना चाहिये। मौंके पर पीएमयू सदस्य धनपाल, वन विभाग पदाधिकारी, बीपीओ, बीपीएम, जेएसएलपीएस के कर्मी और अन्य उपस्थित थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल की अमृत महोत्सव प्रतियोगिता के विजेता होंगे सम्मानित



**झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल द्वारा आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव ऑनलाइन फेसबुक प्रतियोगिता के विजेताओं की सूची जारी कर दी गयी हैं। प्रतियोगिता छात्र, अभिभावक और शिक्षक तीन वर्गों में विभाजित था। छात्र ग्रुप से 15 और अभिभावक तथा शिक्षक ग्रुप से 10 कुल 25 लोगों का चयन किया गया है। छात्र ग्रुप में तैफुर रजा खान, सार्थक कुमार, प्रेरणा कुमारी, मोंटी कुमार, आयुष कुमार, पियूष पांडेय, पीयू विश्वास, प्रत्यूषा शर्मा, प्रीतम राज मोदी, सत्यम कुमार, आराध्या सिन्हा, सुहानी कुमारी, काजल वर्मा, असौम्या भदानी, अनुष्का कुमारी विजेता घोषित किए गये हैं। जबकि अभिभावक में मनोज कुमार राम, इरफान खान, आरिफ अंसारी, मधु कुमारी, सारिका कश्यप, उमा कुमारी, अद्दजा विश्वास की दादी और शिक्षकों में शालू अरोड़ा, कुंतल जेठवा और पूजा सलूजा विजेता घोषित की गयी हैं। एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने बताया कि अमृत महोत्सव ऑनलाइन फेसबुक प्रतियोगिता 26 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चला, जिसमे प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत किये गये फोटो और वीडियो को मिले सबसे ज्यादा लाइक, कमेन्ट तथा शेयर के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य मकसद आजादी के 75वें वर्ष धूम -धाम से सबके साथ मनाना है। सेक्रेड हार्ट स्कूल के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बताया कि इन सभी विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाइ दी हैं।

## राज्य भर में 1 मार्च को स्वास्थ्य सेवाएं रहेंगी बाधित

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** रांची स्थित आई एम ए भवन करमटोली में राज्य कार्यकारिणी आई एम ए और झासा की बैंठक सम्पन्न हुयी। इसमें निर्णय लिया गया की 1 मार्च बुधवार को पूरे राज्य के चिकित्सक और चिकित्सा से जुड़े संगठन द्वारा सभी सरकारी और गैर सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर इमरजेंसी सेवा को छोड़ कर अन्य सभी सेवाएं बाधित रहेगी। मांगों पर चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि अगर हमारी मांगे नहीं मानी गयी तो 1 मार्च को राज्य भर के सभी चिकित्सक, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सभी संगठन, चेंबर ऑफ कॉमर्स, केमिस्ट एंड ड्रग एसोसिएशन, सभी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन और टीचर्स एसोसिएशन एक दिन का सांकेतिक कार्य बहिष्कार करेंगे। कार्य बहिष्कार के दौरान आपातकालीन सेवाएं सुचारू रूप से दिया जायेंगा। फिर भी अगर हमारी मांगे नहीं मानी जाती, तो मजबूरन संघ को अनिश्चित अवधि के लिये कार्य बहिष्कार की घोषणा करनी पड़ेगी, जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार और विभाग की होगी। डॉ शरद कुमार, उपाध्यक्ष राज्य शाखा झासा ने कहा कि हाल के दिनों में जिस तरह की घटनाये चिकित्सको के साथ घटी है वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण हैं, भय का माहौंल हैं।

## प्रखंड स्तरीय चार दिवसीय गैर आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण शुरू



**सतगावां(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रखण्ड संसाधन केंद्र में सोमबार को सम्पर्क फाउंडेशन के तत्वाधान में निपुण भारत मिशन के तहत आधारभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान के संदर्भ में प्रखण्ड स्तरीय चार दिवसीय गैर आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की बुनियादी शिक्षा बहुत जरूरी हैं जिसके तहत बच्चे अपनी समझ के साथ पढ़ना लिखना करें। शिक्षा को विकसित करने में आपकी भूमिका सर्वोपरि हैं। प्रशिक्षक दल में शिक्षक पंकज कुमार महतो, राजेश करमाली, नीतीश कुमार, दीपक कुमार महतो ने मुख्य रूप से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा की एफएलएन प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों में बुनियाद को मजबूत करना जिसके तहत बच्चों में पढ़ने व लिखने की समझ विकसित हो। मौंके पर बीपीओ अशोक कुमार उपाध्याय, रितेश कुमार, शबनम आरसी, रूखसाना खातून, सुनीता कुमारी, अमन कुमारी, राधा कुमारी, रामपरी कुमारी, प्रणव मुरारी, जितेंद्र पांडेय, सुधीर सिंह, मिथलेश यादव, सुधीर अग्रवाल, महेश यादव, सरयू यादव, राजा बाबू समेत सभी प्रशिक्षु और सभी बीआरसी कर्मी मौंजूद रहे।

## सनराइज युवा क्लब ने बैठक कर रामनवमी मनाने का लिया निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** सनराइज युवा क्लब टाटीझरिया के सदस्यों ने बाबा बालक नाथ मंदिर प्रांगण में प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता व मुकेश कुमार यादव के संचालन में बैठक किया। इसमें सदस्यों ने हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ होली और रामनवमी महोत्सव मनाने का निर्णय लिया हैं। रामनवमी में धूमधाम से झांकी और दशमी को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इससे पूर्व मंगला, जुलुस, मंदिर में विद्युत सज्जा, रंग-रोगन, साफ-सफाइ कराने का निर्णय लिया गया है। अगली बैठक 5 मार्च को बाबा बालक नाथ मंदिर प्रांगण में निर्धारित किया गया है। इस बैठक में कमेटी का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजू यादव, प्रकाश गुप्ता, मुकेश कुमार यादव, शिवशंकर ऊर्फ बंटी यादव, मंटु यादव, प्रकाश साव, शंभू साव, छोटन साव, राहुल यादव, संजय यादव, अजय साव व अन्य उपस्थित थे।

## निजी विद्यालयों का होली मिलन 5 मार्च को

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के हॉस्पिटल चौक स्थित विवेकानंद सेवा आश्रम में प्रखंड के सभी निजी विद्यालय के प्रबंधकों और प्रधानाध्यापकों की बैठक की गयी जिसकी अध्यक्षता नकुल मंडल तथा संचालन नवल किशोर वर्मा ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन की मासिक बैठक प्रत्येक महीने की अंतिम रविवार को सुबह 10 बजे से विवेकानंद सेवा आश्रम में की जाएगी, संगठन द्वारा जो भी नियम बनाए जाये उसे हर हाल में सभी सदस्यों को पालन करना अनिवार्य होगा, जिला और राज्य स्तरीय संगठन को मजबूती के साथ समर्थन किया जाए जिससे वे हमारे हक की लड़ाइ को जोरदार तरीके से लड़ सके। इसके लिए सहयोग राशि देने पर भी सहमति बनी। इसके साथ साथ 8वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल बच्चों को प्रोत्साहित भी किया जायेगा। अपने प्रखंड के कोष को बढ़ाने के लिये बकाया राशि का भुगतान आगामी बैठक में लिया जायेगा। आगामी 5 मार्च को संगठन के सदस्यों के बीच होली मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा। बैठक में सलीम अंसारी, मिथलेश कुमार, मुकेश कुमार, उदित कुमार, मुकेश पटेल, सुरेश कुमार, यशवंत मिश्रा, रविन्द्र कुमार पांडेय, मुकेश कुमार, राजेंद्र कुमार सिंह, विजय कुमार बर्नवाल ( गुड्डु सर), विकास यादव, मो.सज्जाद अंसारी, मो. बेलाल अहमद, प्रकाश कुमार साव, संजीव कुमार, अनवर अंसारी, महेश कुमार महतो, दिवाकर प्रसाद तथा अन्नु राणा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भोक्ता स्थान का तोरण द्वार बना शोभा का वस्तु

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित पूर्वी पंचायत के ग्राम पकरी बरवाडीह भोक्ता स्थान में बनाये गये तोरण द्वार हाथी के दांत की तरह साबित हो रहा हैं। यह तोरण द्वार शोभा का वस्तु बन गया है। इस तोरण द्वार को ऐसा जगह बना दिया गया है जिसका कोई महत्व ही नहीं दिखता है। इस तोरणद्वार में अनियमितता बरती गयी हैं। तोरण द्वार का निर्माण मुख्य सड़क में ना बनाकर किसी मंदिर के किनारे बना दिया गया है। जबकि इस योजना का उद्देश्य मुख्य सड़क में बनाने का है। इस तोरण द्वार का निर्माण का योजना वर्ष 2018-19 है। इसका प्राक्कलन राशि 10लाख रुपए है। इसे तत्कालीन विधायक निर्मला देवी के मद से बनाया गया है। तोरण द्वार में लगाये गये शीला पट के अनुसार कार्यपालक अभियंता एनआरईपी हजारीबाग हैं। जबकि अध्यक्ष धनु साव और सचिव बबलू साव हैं। तोरण द्वार में पूर्ण रुप से टाइल्स भी नहीं लगाया गया हैं। इसे देखकर ग्रामीण आक्रोश व्यक्त करते नजर आते हैं।



### क्या कहना है अध्यक्ष का

इस संबंध में तोरण द्वार के अध्यक्ष धनु साव का कहना है की मैं सिर्फ नाम का अध्यक्ष हूं। सारा कार्य का निर्माण सचिव बबलू साव एवं पदुम साव ने किया है। इसमें जो भी कमी है इसका जिम्मेवार दोनों व्यक्ति है।

## शिव मंदिर महिला समिति ने मनाया होली समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा ।** फागुन के आगाज के साथ जगह जगह होली मिलन समारोह की शुरुआत हो गयी। इसी कड़ी में सोमवार को नगर परिषद क्षेत्र वार्ड नंबर 27 बजरंग नगर स्थित निमार्णाधीन महादेव मंदिर में शिव मंदिर महिला समिति की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। भोजपुरी गीत पर आधारित विभिन्न देवी-देवताओं के होली के गीत से सराबोर समिति की महिलाओं ने फागुन ऐसा महीना छोड़ो मुरलिया घर आओ... जैसे होली के गीत पर खूब झूमे। देर शाम तक चले इस होली मिलन समारोह में जहां राधा कृष्ण के रूप में सलोनी कुमारी व आकृति कुमारी की नृत्य श्रद्धालुओं को खूब झुमाया वही आयोजन को लेकर काफी संख्या में शामिल महिला श्रद्धालु व युवतियां अबीर गुलाल भी खूब उड़ाये। मौंके पर समिति की सुधा देवी, अनुपा देवी, रीना देवी, मंजू देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, शोभा देवी, मीना देवी, उर्मिला देवी, नीलू वर्मा, राधा देवी, सुशीला देवी, सुनीता देवी, आरती देवी व परिधि कुमारी आदि शामिल थे।

## केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री ने मुक्त कौशल केंद्र का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के मुक्त कौशल केंद्र का सोमवार को कोडरमा में उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ व्यवसायिक शिक्षा पर भी जोर दिया गया है, ताकि हमारे बच्चे के साथ व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर सके। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि स्कूल और इस स्कील के साथ-साथ पढ़ाइ और कमाइ की सोच के साथ इन केंद्रों को खोला जा रहा है। केंद्र के खुल जाने से रोजगार के साथ-साथ पढ़ाइ जारी रखने वाले लोगों को इसका लाभ मिलेगा और आने वाले समय में यह केंद्र मील का पत्थर साबित होगा। मौंके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, प्रोफेसर सरोज शर्मा, प्रदीप कुमार मोहंती, डॉ. टीएन गिरि उपस्थित थे।

## चौपादार हाई स्कूल में ड्रेस नहीं मिलने से नाराज छात्र-छात्राएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के चौपादार बलिया पंचायत स्थित आदर्श उत्क्रमित हाई स्कूल में विद्यार्थियों को अब तक ड्रेस स्वेटर व जूता नहीं मिलने पर छात्र व अभिभावक नाराज है। इस संबंध में बड़कागांव तथा आसपास क्षेत्र में वीडियो वायरल हो रही हैं। जब इस मामले में भाजपा नेता व समाजसेवी सुमन गिरि ने विद्यालय के बच्चों को जानकारी लिया तो सही पाया। श्री गिरी ने पत्रकारों को जानकारी दिया कि ठंड समय बीत गया लेकिन अबतक बच्चों को स्वेटर नहीं मिला और न ही ड्रेस मिला। आदर्श उत्क्रमित हाई स्कूल में पहली क्लास से लेकर दसवीं क्लास तक की पढ़ाइ होती है। जिसमें 696 छात्र-छात्राएं हैं। शिक्षकों की संख्या 15 है। वायरल वीडियो एवं विज्ञप्ति में बताया गया है कि छात्रवृत्ति वितरण में भी प्रत्येक बच्चों को पीछे ?300 काट लिया गया है। जब इसकी भनक अभिभावकों को लगी तो इस स्कूल के प्रभारी ने बताया कि जिन बच्चों का पैसा काट कर दिया गया है, उन्हें अकाउंट में भेज दिया जायेगा। परंतु आज तक नहीं भेजा गया है जिससे बच्चे में उदासीनता देखने को मिल रही है।



### क्या कहना है प्रभारी प्रधानाध्यापिका का

प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुमन कुमारी ने आरोप को बेबुनियाद बताया। उन्होंने बताया की हमारे विद्यालय का कोड गड़बड़ हो गया था।

## टाटीझरिया थाना में शामिल हुईं तीन पंचायत

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्वतंत्र रूप से कार्य कर रहा था। लेकिन प्रखंड के तीन पंचायत के गांव अब तक ईचाक थाना के अधीन था। जिसमें बदलाव करते हुये विभाग के आदेशानुसार टाटीझरिया प्रखंड के तीनों पंचायत जो ईचाक थाना के अधीन था। जिसके बाद अब उक्त पंचायत का सारा काम टाटीझरिया थाना के देख रेख में होगां। सबसे पहले 2013 में टाटीझरिया थाना में शामिल करने को लेकर वर्तमान विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय अपने उपप्रमुख कार्यकाल में झारखंड के डीजीपी से मिलकर पत्र सौंपा था। टाटीझरिया थाना में शामिल किये जाने पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामिणों में खुशी। विधायक अमित यादव, सांसद अणपूर्णा देवी, पूर्व सांसद रविन्द्र राय, से इचाक से टाटीझरिया थाना में सम्मिलित करने के लिये सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल ,विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, रामप्रसाद कुशवाहा, उमेश प्रसाद, उपेन्द्र पांडेय, प्रविल प्रसाद दशरथ नारायण सिंह, अजय कुमार, ज्योतिष पंडा, सुरेंद्र राणा, संतोष कुमार, सुरेश प्रसाद, रघुनंदन प्रसाद के प्रयास से टाटीझरिया थाना में शामिल हो पाया. उपप्रमुख रवि वर्नवाल, झरपो मुखिया शिबुप्रसाद सोनी, खैरा मुखिया कुमारी माधुरी, मुखिया स्वस्तिका कुमारी, मिथलेश प्रसाद, छोटन शर्मा, छोटन कुमार, कौलेश्वर मिश्रा, बालेश्वर महतो, सरयू प्रसाद, बद्री भुइयां, निर्मल प्रसाद,विनोद प्रसाद चिंतामणी प्रसाद, सुबोध पंडा, सुरेश मिश्रा, सत्यानंद पांडेय प्रमोद पांडेय, केदार साव कुलेश्वर साव सहित सैकड़ों लोगों ने सांसद और विधायक को बधायी दिया हैं।

## बरनवाल महिला समिति ने मनाया होली मिलन समारोह



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ में बरनवाल महिला समिति ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर बरनवाल महिला समिति के अध्यक्ष बबिता बरनवाल और मीडिया प्रभारी शालिनी बरनवाल ने कहा की होली का त्योहार हमें यह सिखाता है की बुराइ को हम त्यागे और अच्छाइ को अपनाये। एक दूसरे से मिलने मिलाने का त्योंहार है। हम आपस में मिल जुल कर रहें और सौंहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाये। इस अवसर पर बरनवाल महिला समिति के सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाइ दी, और लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया। मौंके पर अध्यक्ष बबिता बरनवाल, उपाध्यक्ष बिना बरनवाल, अनिता देवी, मीडिया प्रभारी शालिनी बरनवाल, कोषाध्यक्ष सिमा बरनवाल, प्रिया बरनवाल, सचिव दीपा बरनवाल, ममता रानी समेत बड़ी संख्या में महिलायें उपस्थित थे।

## शिक्षण संस्थानों के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी रहे एक दिवसीय उपवास पर

**इचाक (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सभी वित्तरहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी एक दिवसीय उपवास पर रहे। जिससे स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी आये और शिक्षकों ने उपवास रह कर भी सभी विद्यार्थियों की कक्षाये संचालित की। उपवास पर जीएम इंटर कॉलेज इचाक, आदर्श इंटर कॉलेज इचाक, जेएम इंटर कॉलेज उरूका, सीएम आदर्श उच्च विद्यालय इचाक, उच्च विद्यालय सिझुआ, उच्च विद्यालय बरकाखूर्द शामिल हैं। पूर्ण जैक बोर्ड का गठन किया जाये। 2022-23 का अनुदान की राशि सीधे स्कूल कॉलेज के खाते में होली से पहले भेजा जाये आदि शामिल है। उपवास कार्यक्रम को सफल बनाने में जीएम इंटर कॉलेज के प्राचार्य शंभू कुमार, शिक्षक पंकज कुमार, रत्नेश कुमार राणा, आदर्श इंटर कॉलेज के प्राचार्य मनीष कुमार, शिक्षक मनोज कुमार, मुन्ना पांडे, जेएम इंटर कॉलेज के प्राचार्य बसंत कुमार शिक्षक राजेंद्र यादव, रामप्रकाश मेहता, सीएम आदर्श उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक जीवन कुमार, शिक्षक ओमकार मेहता, राजेश मेहता, उच्च विद्यालय सिझुआ से इंद्रदेव मेहता, छात्रधरी प्रसाद मेहता, खेमलाल राणा, उच्च विद्यालय बरकाखूर्द से प्रधानाध्यापक बैजनाथ प्रजापति, शिक्षक श्रीकांत मेहता, रवि कुमार, राधेश्याम कुमार शामिल थे।

## बिजली विभाग के अभियंता संघ के जनप्रतिनिधियों ने किया संवाद

**टाटीझरिया(आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पांडे और मुखिया शिबु प्रसाद सोनी ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता महादेव मुर्मू, सहायक अभियंता दुर्गा रानी केरकेट्टा कनीय और अभियंता अमित कुमार शर्मा के साथ वर्चुअल संवाद में शामिल हुये। शामिल होने पर टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र की विद्युत समस्या से अवगत कराया जिसमें बच्चों को पढ़ाइ के समय बिजली आपूर्ति करना, झरपो सब स्टेशन को अभिलंब चालू करवाने और भराजो पंचायत के करम्बा आदिवासी टोला में आज तक विद्युत आपूर्ति नहीं हुयी हैं जिसे अभिलंब वहां विद्युत से जोड़े जाने की बात रखा। इन सब समस्या से निजात दिलाने के लिये कार्यपालक अभियंता महादेव मुर्मू ने इसे जल्द समाधान करने की बात कही साथ ही करम्बा आदिवासी टोला के लोगों का नाम के साथ पूरा विवरण जमा करने का कहा और पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत वहां बिजली आपूर्ति किया जायेगा । वर्चुअल बैंठक में ईचाक डाडीघाघर मुखिया नंदकिशोर मेहता समेत अन्य जगह के जनप्रतिनिधि शामिल हुये। कार्यपालक अभियंता बिजली बील भरावाने, कनेक्शन लेने समेत अन्य में जनप्रतिनिधि से सहयोग मांगा।

## कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय महाअधिवेशन से लौट कर बरकट्ठा पहुंचे धनंजय सिंह

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 85वें राष्ट्रीय महाअधिवेशन छत्तीसगढ़ के रायपुर संपन्न होने के बाद वापसी के क्रम में कोडरमा लोकसभा के पूर्व सांसद तिलकधारी सिंह के पुत्र और गिरीडीह जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह क्षेत्र भ्रमण करते हुये बरकठा पहुंचे और उन्होंने कहा कि हम सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता महा अधिवेशन से नयी जोश के साथ क्षेत्र में लौटे हैं जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी साथ ही कहा कि हमारी सरकार झारखंड में रोज नइ कीर्तिमान स्थापित कर रही है और उसका परिणाम स्वरूप पार्टी भारी मतों से रामगढ़ उपचुनाव जितेगी बरकट्ठा में कइ कांग्रेसी कार्यकर्ता से मिलकर उनकी कुशल क्षेम लिये ।मौंके पर कांग्रेस नेता संतोष कुमार देव, प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मंडल वरिष्ठ कांग्रेसी मणिलाल चौधरी, समाजसेवी दर्शन सोनी मिन्हाज खान, अशोक गुप्ता, राजेश तुरी, ऐनुल अंसारी, गुरुदेव सिंह, शंकर साव, भुनेश्वर रविदास समेत कइ लोग उपस्थित थे।

## ट्रेड लाइसेंस और होल्डिंग टैक्स के विरोध में बंद रहा बाजार

**डोमचांच(आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत में लोकतांत्रिक तरीके से दर्ज करने के लिये काली मंडा से एक मशाल जुलूस निकालकर शहीद चौंक तक मार्च किया गया। वहीं सोमवार को पूरे नगर पंचायत में बाजार बंद रहा। स्थानीय वक्ताओं और समाजसेवियों ने बताया की क्रेशर खदान और ढिबरा पूरी तरह से ध्वस्त हो जाने के कारण व्यवसाय की स्थिति काफी दयनीय हैं। इस बीच ट्रेड लाइसेंस और होल्डिंग टैक्स के नाम पर आम नगर वासियों को नगर प्रशासन के द्वारा दुकानों को सील किये जाने की धमकी दी जा रही हैं । सभी व्यापारियों का कहना है की एक तरफ होल्डिंग टैक्स का मामला झारखंड सरकार के कार्यालय में विचाराधीन हैं ।

## उपचुनावः समय पर शुरू हुआ मतदान, मतदाता दिखे उत्साहित

# कतारबद्ध होकर मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर सोमवार की सुबह 7 बजे से ही सभी बूथों पर मतदान शुरू गयी। डीसी माधवी मिश्रा ने बताया कि मॉक के बाद सभी बूथ पर वोटिंग होने लगी थी, किसी भी जगह से ईवीएम खराब होने की सूचना नहीं आयी है। शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त मतदान कराने के लिए बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता किये गये थे। सेक्टर मजिस्ट्रेट भी बूथ का जायजा ले रहे थे। मतदान केंद्रों पर कतार में लगे मतदाता को कोई परेशानी ना हो इसके लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी।











### डीसी और ने किया निरीक्षण

रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा ने वोटिंग शुरू होने के बाद जिला समाहरणालय परिसर में बनाए गए कंट्रोल रूम का जायजा लिया। इस दौरान डीसी ने जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक कर्मियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। सभी को निर्धारित प्रारूप के अनुसार सेक्टर दण्डाधिकारियों व मतदान पदाधिकारियों से जानकारियां संलग्न करने का निर्देश दिया। सभी कर्मियों को कार्यों को गंभीरता से करते हुए किसी भी क्षेत्र से किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना प्राप्त होने पर त्वरित जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय पदाधिकारियों को इसकी सूचना देने एवं वरीय पदाधिकारियों को त्वरित मामले पर संज्ञान लेते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। पहले 2 घंटे में रामगढ़ में 15 प्रतिशत मतदाताओं ने डाला वोट रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर चल रहे मतदान से 2 घंटे पूरे हो चुके थे। पहले 2 घंटे में विधानसभा के 15 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। डीसी माधवी मिश्रा ने बताया कि अभी वोट का प्रतिशत और बढ़ेगा। कयी स्थानों पर मॉडल बूथ बनाये गये हैं, जहां पर मतदाताओं को बैठने और खाने पीने की व्यवस्था की गयी है। सुबह 9 बजे तक 15.19 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है। अभी भी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुयी है। जिला प्रशासन को उम्मीद है कि अधिक से अधिक मतदाता घर से निकलकर बूथ तक पहुंचेंगे।

### सांसद सीपी चौधरी और एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी ने पूरे परिवार के साथ डाला वोट

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी अपने पति सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और बेटी सोनल चौधरी के साथ मतदान करने पहुंची। उन्होंने राजबल्लभ उच्च विद्यालय में बने बूथ नंबर 199 पर वोट डाला है। इस दौरान उम्मीदवार चौधरी ने कहा कि रामगढ़ की जनता इस बार उन्हें सेवा करने का मौका जरूर देगी। उन्होंने कहा कि मैंने तो अपना वोट डाल दिया है और सुबह सुबह सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ भी उमड़ी थी। जो लोग अभी तक वोट नहीं डाले हैं वह घरों से निकले और अपना वोट जरूर डालें। उन्होंने कहा कि यह वोट विकास और विश्वास के लिए है। 15 वर्षों तक चंद्र प्रकाश चौधरी ने इस पूरे इलाके का विकास किया है। इस बार जनता उन चीजों को याद कर रही है।

### सांसद चंद प्रकाश चौधरी के चेहरे पर बिखरी मुस्कान

वोट डालने के बाद सांसद चंद प्रकाश चौधरी के चेहरे पर बिखरी मुस्कान इस बात के लिए इशारा कर रही थी कि जनता का रुझान उनकी तरफ है। वोटिंग के 4 घंटे बीत जाने के बाद लगभग 32.51 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने विक्ट्री का साइन दिखाते हुए इस बात का भी संकेत दिया है कि जनता ने उनके विकास और विश्वास का साथ दिया है।

### कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो ने डाला वोट, कहा ममता को मिलेगा आज न्याय

यूपीए उम्मीदवार बजरंग महतो ने गोला प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय डभातू में बने बूथ नंबर 335 पर अपना वोट डाला है। वोट डालने के बाद उन्होंने कहा कि सच और न्याय की लड़ाई में उन्होंने अपना योगदान दिया है। उन्हें उम्मीद है कि आज ममता देवी को न्याय मिलेगा। जनता एक बार फिर ममता देवी का साथ देगी। मैं भले ही प्रत्याशी हूँ लेकिन यह चुनाव आम जनता लड़ रही है। सच और न्याय की जीत के लिए सभी से मतदान करने की अपील की। पुनः रामगढ़ में हम सब मिलकर एक इतिहास बनायेंगे।

### रामगढ़ डीसी और एसपी ने बूथ नंबर 106 पर डाला वोट

डीसी माधवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडे ने बूथ नंबर 106 पर वोट डाला है। इस दौरान डीसी माधवी मिश्रा ने विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से वोट करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि वोटिंग हमारा अधिकार है और क्षेत्र के विकास के लिए सही प्रतिनिधि चुनना भी जरूरी है। उन्होंने अपना स्लोगन भी दिया कि ३मैंने अपना वोट डाला है, क्या आपने अपना मत का प्रयोग किया।

### कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम पहुंचाया गया ईवीएम

शाम 5 बजे मतदान खत्म होने के बाद ईवीएम को पोलिंग एजेंट के सामने ही सील कर दिया गया। ईवीएम मशीन को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में पहुंचाया गया। रामगढ़ कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सभी ईवीएम को रखा गया। मतदान केंद्रों से स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने के लिए सेक्टर में मौजूद पदाधिकारियों के द्वारा यह कार्य किये गए। बरलंगा से लेकर रामगढ़ शहर तक पदाधिकारी मुस्तैद दिखे। ईवीएम को किसी भी स्तर पर कोई नुकसान ना हो इसके लिए स्कोर्ट पार्टी को भी तैनात किया गया था।

### गोला क्षेत्र में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण हुआ

गोला। रामगढ़ का उपचुनाव गोला क्षेत्र में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। अहले सुबह से ही बूथों में लंबी लंबी लाइन लगना शुरू हो गया था। मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया। पुरुषों के साथ महिलाएं भी बूथों में कम नही रही। महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो ने ड़भातु प्राथमिक विद्यालय में अपना पहला मतदान किया। यहां उन्होंने मीडियाकर्मियों को सम्बोधित करते हुए जीत का दावा किया। बूथ संख्या 172,173 हेमतपुर में एक बुजुर्ग महिला को उनके बेटे ने व्हील चेयर में लेजाकर वोट दिलवाया। क्षेत्र के सोसो कलां, चोकाद , मगनपुर ,रोला, सुतरी, सोटई, बरियातू, गोला, हप्पू, तोयर , सुतरी आदि गांव में लंबी लंबी लाइन देखी गयी। वोट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था काफी दुरुस्त देखी गयी। जगह जगह सुरक्षा के लिए जवानों को तैनात किया गया था। सक्रिय नेता फोन कर माहौल की जानकारी लेते रहें।

### रामगढ़ वासियों के दिल से एक बार फिर जुड़े चंद्रप्रकाश

आम नागरिकों के बीच चर्चा यह भी है कि चंद्र प्रकाश चौधरी ने विकास पुरुष के अपने इस उपाधि को एक बार फिर बचाने में कामयाबी हासिल की है। जिस तरह उनके पूरे इलाके में वोटर खुलकर बाहर आए हैं, उससे चंद्र प्रकाश चौधरी के चेहरे की मुस्कान भी लौट आई है। इस चुनाव का रिजल्ट चाहे जो हो, लेकिन आम नागरिकों का विश्वास एक बार फिर चंद्रप्रकाश चौधरी के साथ जुड़ गया है।

### ममता को मिलेगा न्याय या सुनीता को मिलेगी विरासत

इस उपचुनाव में ममता देवी और उनके 6 महीने के बच्चे को लेकर काफी संवेदनशील बातें जनता के बीच हुई हैं। सारी बातें इस बिंदु पर केंद्रित थी कि उन्हें न्याय मिलना चाहिए। दूसरी तरफ विकास पुरुष की उपाधि से नवाजे गए चंद्र प्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी हैं। जो अपने पति की विरासत को आगे बढ़ाना चाहती हैं। जनता अगर उन्हें कमान सौंपती है, तो वह भी विकास की गंगा को एक बार फिर बहाने के लिए तैयार हैं। जनता की उम्मीदों पर इन दोनों में से कौन खरा उतरा है यह दो वक्त ही बताएगा। जनता ने किसे अपना नेता चुना है इसका खुलासा मतगणना के बाद हो जाएगा।

### कितने सफल हुए बागी पुटूस और झापा के संतोष

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में 2 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन्होंने अपने राजनीतिक कैरियर को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष किया। इनमें सबसे पहला नाम भाजपा के बागी हुए धनंजय कुमार पुटूस का हैं। इस उपचुनाव में वह कितने सफल हुए यह तो कहना मुश्किल है। लेकिन रामगढ़ शहरी क्षेत्र में इनकी प्रसिद्धि देखने को मिली। पुटूस के प्रशंसक हर बूथ पर नजर आए। प्रशंसकों की इस भीड़ को ईवीएम में किस तरह पुटूस डाल पाए हैं, यह तो 2 मार्च को ही पता चलेगा। लेकिन एक बात तय है कि इस पूरे चुनाव में प्रचार के दौरान भी धनंजय को लोगों ने खूब सराहा है। आम नागरिकों की निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा और कोरोना काल में लोगों का किया गया सहयोग आम नागरिकों ने भी याद रखा है। वही, झारखंड पार्टी के उम्मीदवार संतोष महतो ने भी अपने इलाके में लोगों की खूब सेवा की है। आम नागरिकों के लिए वे प्रशासन तक से भिड़ गए हैं। लेकिन जनता का प्यार उपचुनाव में उन्हें उम्मीद से कम ही मिला है। चुनावी रेस में तो वे कभी थे ही नहीं। लेकिन ईवीएम में उनके कितने समर्थक उनकी मदद कर पाए हैं यह काउंटिंग के दिन ही पता चलेगा।

## टंडवा के छात्रों ने लिखा सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा प्रखंड के लोक प्रिय सीबीएससी बोर्ड दिल्ली से मान्यता प्राप्त देल्ही पब्लिक स्कुल कोशाहा टंडवा के 10वीं छात्र छात्राओ ने सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा चतरा डीएवी परीक्षा केंद्र में लिखा। उल्लेखनीय है की दिल्ली सीबीएससी बोर्ड से डीपीएस स्कुल कोशहा टंडवा को 2022 ई में मान्यता प्राप्त कर टंडवा प्रखंड में लोकप्रियता पाने में सफलता पाया। डीपीएस स्कुल के निदेशक राजकुमार साव ने बताया की टंडवा प्रखंड क्षेत्र के अभिभावक ऊचे कीमत खर्च कर बड़े शहरों में बच्चों को शिक्षा के लिये भेजते थे। सबसे गौरव की बात यह है कि डीपीएस स्कूल टंडवा ने खुद की पंजीकरण प्राप्त कर लिया है,यह विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को बाहरी विद्यालय से पंजीकरण की उलझन समाप्त हो गया।


## 'सात दिवसीय कैंप का आयोजन, कॉलेज सचिव व थाना प्रभारी ने किया शुभारंभ

**चतरा,(आजाद सिपाही)।** इटखोरी प्रखंड के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान भद्रकाली महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक द्वारा सोमवार को प्रखंड के परसौनी पंचायत के केसोटाण्ड गांव में सात दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कार्य विनोवा भावे विश्वविद्यालय के निर्देश पर लगाया गया है। कैंप का उद्घाटन कॉलेज के सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा, प्राचार्य डॉ दुलार हजाम, प्रो सुरेंद्र कुमार, प्रो ललित मोहन शर्मा, व परसौनी मुखिया प्रतिनिधि बालेश्वर साव के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान अतिथिओं को पुष्पगुक्ष देकर स्वागत किया गया। मौके पर छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत की। पश्चात एनएसएस का लक्ष्यगीत गाया गया। विषम प्रवेश डॉ सुरेंद्र कुमार ने करवाया। मुख्य अतिथि डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने कहा एनएसएस का लक्ष्य समाजसेवा और राष्ट्रसेवा है। छात्र-छात्राओं को सेवा भाव से समर्पित होकर समाज के अंतिम व्यक्ति को सहायता करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इसलिए सैट दिवसीय एनएसएस सेवकों को सेवा भाव से कार्य करना है। साथ ही प्राचार्य डॉ दुलार हजाम ने विस्तार से एनएसएस एवं सात दिवसीय विशेष कैंप के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा ग्रामीणों व समाज के पिछड़े इस कैंप का लाभ उठाएं। कार्यक्रम प्राचार्य के अध्यक्षता में हुई। वही मंच संचालन एनएसएस इकाई के प्रभारी संदीप कुमार ने की। धन्यवाद ज्ञापन प्रो ललित मोहन चौधरी के द्वारा की गयी।

## डीसी की अध्यक्षता में सिदो-कान्हू कृषि और जिला सहकारी संघ की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि चतरा के निदेशक पर्षद की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्षा में उपायुक्त सह अध्यक्ष सिद्धो-कान्हो कृषि और वनोपज जिला सहकारी संघ लि डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में की गयी। साथ ही यह जानकारी दी गई की जिले में कृषि एवं लघु वनोपज के विपणन एवं प्रसंस्करण प्रखण्ड स्तर पर पैक्स एवं वन धन विकास केन्द्रों पर की जा सकेगी। बैठक में प्रसंस्करण इकाइ के अधिष्ठापन हेतु जिले के सभी प्रखण्डों एवं मुख्यालय में भुमि उपलब्ध कराने को लेकर अंचलाधिकारियों से पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। वहीं उपायुक्त द्वारा वनोपज के विपणन हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस को कार्ययोजना तैयार करने का निदेश दिया गया। सर्वसमममति से वनोपजों के विपणन हेतु इनके न्युनतम समर्थन मुल्य राज्य स्तरीय संघों जैसे झाम्कोलैम्प्फ झाम्कोफेड एवं वेजफेड से प्राप्त कर कार्ययोजना तैयार करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही जिले में उपलब्ध वनोपजों के प्रसंस्करण/परिष्करण मशीनरियों का इस्तेमाल करने का भी निर्णय लिया गया। बताते चले कि सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि०चतरा के जिला स्तरीय कार्यशाला 03 मार्च को आयोजित होने की जानकारी दी गयी।



उक्त बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र चतरा समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## खोपड़िया बाबा मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों की हुई बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा मंदिर परिसर में सोमवार को स्थानीय लोगों की बैठक हुई। बैठक में जगतगुरू वनांचल पीठाधीश्वर पंडित दीनदयाल जी महाराज मुख्य रूप ये उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से पुराने खंडित हनुमान जी की प्रतिमा का विसर्जन करने और नये प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा करने का निर्णय लिया गया। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आगामी 14 मार्च की बैठक में तिथि तय करने की बात कही गयी। मौके पर अशोक कुमार मिश्रा, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, गुलाबचंद्र मिश्रा, संजय अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुरेश उपाध्याय, सुखदेव, बाबूलाल नायक, अभिषेक मिश्रा आदि मौजूद थे।

## जी 20 की तैयारियों मे युद्ध स्तर से जूटे प्रशासनिक अधिकारी

**पतरातू (आजाद सिपाही) ।** जी-20 की तैयारियों में राज्य स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों का टीम जुटा हुआ है। पतरातू डैम में वोट से जी 20 समिट के विदेशी मेहमान घूमेंगे। वहीं विदेशी मेहमान और डेलीगेट को डैम परिसर में घुमाने के लिए रायपुर से मंगाए गए वाटर स्कूटर व स्पीड मोटर वोट पतरातु लेक रिसोर्ट सोमवार को पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने लेक रिसोर्ट को सौंपा । मालूम की दुनिया के 20 शक्तिशाली देश 3 मार्च को पतरातू पहुंच रहे हैं इसमें साइंस एंड टेक्नोलॉजी से जुड़े विज्ञानिक का दल भी पतरातू पहुंचेंगे यहां पहुंचकर विज्ञानिक ऊर्जा के अस्थाई स्त्रोतों को लेकर अपने शोध प्रस्तुत करेंगे ।

## संत निरंकारी मंडल के संतों ने थीम स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के तहत बनाया प्रोजेक्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** संत निरंकारी मंडल (दिल्ली) शाखा भुरकुंडा के तत्वावधान में भुरकुंडा सत्संग भवन के संतो द्वारा प्रोजेक्ट अमृत मनाया गया। इसकी अध्यक्षता भुरकुंडा शाखा मुखी अशोक कुमार चौहान ने किया। मौके पर अशोक कुमार चौहान ने बताया कि आज निरंकारी मिशन पूरे भारतवर्ष में प्रोजेक्ट अमृत मना रहा है। जिसका थीम स्वच्छ जल, स्वच्छ मन है। भुरकुडा शाखा के आसपास के जल निकायों को भी साफ किया गया। साथ ही आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर कुणाल चौहान, सुरजीत सिंह, तुषार कुमार, दलजीत चैहान, अमन कुमार, जगदीश यादव, विकाश कुमार, सिंकदर नायक, आदित्य विश्वकर्मा, वकील राणा, संतोष कुमार, उमेश नायक, सोनू, अजय, रोहित, पिंटू, राजेंद्र, जितेंद्र, रौनक सिंह, किरण देवी, पुष्पा देवी, मुकुनलता देवी, पूजा, राजकुमारी देवी, मालती देवी, सुनीता देवी, पार्वती देवी, गुड़िया देवी, सुमिता देवी, गायत्री देवी, अंजली, चंपा देवी, इलिका, इलिसा आदि मौजूद थें।

## भाजपा विधायक अमर बाउरी ने बितका बाउरी के परिजनों से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह चंदनकियारी विधायक अमर बाउरी सोमवार की शाम सौंदा बस्ती पहुंचे। जहां उन्होंने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के प्रतिनिधि स्व. बितका बाउरी के परिजनों से मुलाकात की। शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए अमर बाउरी ने न्याय दिलाने में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं उन्होंने बितका बाउरी की गोली मारकर हत्या की निंदा करते हुए। राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि यहां पूर्व में भी इसी समाज के सिकंदर बाउरी की हत्या हुई थी। यहां की कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री ने राज्य सरकार और विधि-व्यवस्था को लेकर जो कहा है वह बिल्कुल सच है। सच्चाई को लंबे समय तक छिपाया नहीं जा सकता। राज्य सरकार मामले की सही से जांच करेगी नहीं। लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूँ कि विधानसभा में परिजनों को न्याय और एक सरकारी नौकरी के लिए आवाज उठाउंगा। साथ ही एसआईटी का गठन कर हत्याकांड की जांच ।

## रजरप्पा क्षेत्र के पत्रकार निरंजन महतो के पिता का हुआ निधन

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार निरंजन महतो के पिता और सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी मुंशी महतो (85 वर्ष) का सोमवार की अहले सुबह कुंदरूकलां स्थित आवास में निधन हो गया। वे पिछले कुछ माह से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व. मुंशी महतो अपने पीछे तीन पुत्र एवं तीन पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। दामोदर नदी के तट पर स्थित शमशान घाट में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र निरंजन महतो ने दी। उनके निधन से परिवार सहित पूरे गांव में मातम छा गया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएल-कॉन-आरएनसी-एचटीई-पीएच2-23-3, दिनांक 24.02.2023;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई हैं। निविदा नियत तिथि को दोपहर 12.00 बजे बंद की जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** राँची मंडल के रांची (हटिया) तथा बंडामुंडा के बीच दोहरीकरण कार्य के संबंध में हटिया यार्ड (फेज-II) में 25केवी ओएचई विद्युतीकरण तथा सुधार कार्यों के साथ आरसी एवं पीएसआई कार्यों तथा विद्युतीय साधारण कार्य की आपूर्ति, संरचना, जांच एवं चालू करना। **कार्य मूल्य:** रु. 7,48,81,428.80। **बोली सुरक्षा** : रु. 5,24,400; **समापन अवधि:** 12 महीने। निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** [E-Tender→Works→View Tenders→by ORGANISATION→IR-Electrical→SOUTH EASTERN RLY/DEE-C-RNC-ELECTRICAL] देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन मदों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित बोलीदातागण सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं।(PR-1161)

# सोनिया गांधी की पारी

छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुआ कांग्रेस का तीन दिवसीय पूर्ण अधिवेशन जिन खास बातों के लिए याद किया जायेगा, उनमें प्रमुख है सोनिया गांधी का अपनी राजनीतिक पारी समाप्ति का एलान। हालांकि शुरुआती असमंजस के बाद पार्टी की ओर से स्पष्ट किया गया कि पारी समाप्ति से मतलब सक्रिय राजनीति से उनका संन्यास लेना नहीं है और वह सिर्फ पार्टी अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका की बात कर रही थीं। बहरहाल, सोनिया गांधी की अध्यक्षता का काल कांग्रेस के इतिहास में कई कारणों से विशिष्ट माना जायेगा। वह सबसे लंबे समय तक पार्टी की अध्यक्ष रहीं। 1998 से 2017 तक लगातार 19 साल और फिर 2019 से 2022 तक चार साल वह इस पद पर रहीं। यानी बीच में दो साल की छोटी अवधि को छोड़ दिया जाये तो करीब ढाई दशक तक पार्टी उनकी ही अध्यक्षता में चली। मगर बात सिर्फ इतनी नहीं है। 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की और 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या ने कांग्रेस को कई स्तरों पर कमजोर कर दिया था। 1991 में पार्टी सत्ता में जरूर पहुंची, पीवी नरसिंह राव ने बतौर प्रधानमंत्री आर्थिक सुधारों का महत्वपूर्ण दौर भी शुरू किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी अपनी कमजोरी से नहीं उबर पायी। 1995 में केंद्र की सत्ता से बाहर होने के बाद जो उसका ग्राफ गिरना शुरू हुआ, वह हर चुनाव में नीचे ही खिसकता जा रहा था। गांधी परिवार का आभामंडल कम हो रहा था, क्योंकि राहुल और प्रियंका छोटे थे और सोनिया पर विदेशी मूल का ठप्पा था, लेकिन कोई और ऐसा व्यक्ति दिख नहीं रहा था, जो तत्कालीन कांग्रेस के सभी धड़ों को बांधे रख सके। ऐसे बेहद प्रतिकूल माहौल मे सोनिया गांधी ने पार्टी की अध्यक्षता संभाली और धीरे-धीरे न केवल पार्टी का विश्वास जीता, बल्कि सहयोगी दलों का गठबंधन बनाकर मतदाताओं का भरोसा हासिल करते हुए कांग्रेस को केंद्र की सत्ता में भी पहुंचाया। किसी भी सरकार के मूल्यांकन के अलग-अलग आधार होते हैं, लेकिन कांग्रेस के नजरिए से देखा जाये तो 2004 का चुनाव जीतने के बाद डॉ मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री पद पर बैठाना और फिर उन्हीं के नेतृत्व का वादा करते हुए 2009 के लोकसभा चुनाव में ज्यादा बड़ी जीत दर्ज कराना निश्चित रूप से सोनिया की उपलब्धि कही जायेगी। हालांकि उसके बाद सोनिया की ही अगुआई में 2014 के चुनाव में पार्टी को मिली पराजय भी सामान्य नहीं कही जायेगी। खासकर उसके बाद पार्टी अपवादों को छोड़कर प्रायः हर चुनाव में जिस तरह पिटती दिखी, उसने मौजूदा दौर को पार्टी के बेहद चुनौतीपूर्ण दौर के रूप में रेखांकित किया है। अब सोनिया इस तथ्य में संतोष ढूंढ रही हैं कि उनकी अध्यक्षता का समापन भारत जोड़ो यात्रा में हुआ, जो उनके मुताबिक पार्टी के लिए टर्निंग प्वॉइंट है, लेकिन उनकी यह संतुष्टि कितनी ठोस है, यह स्पष्ट होना अभी बाकी है।

**अब सोनिया इस तथ्य में संतोष ढूंढ रही हैं कि उनकी अध्यक्षता का समापन भारत जोड़ो यात्रा में हुआ, जो उनके मुताबिक पार्टी के लिए टर्निंग प्वॉइंट है, लेकिन उनकी यह संतुष्टि कितनी ठोस है, यह स्पष्ट होना अभी बाकी है।**


अभिमत
आजाद सिपाही

**21 फरवरी को मनाये जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के इस वर्ष के संस्करण में ह्वबहुभाषी शिक्षा-शिक्षा में बदलाव की जरूरतह्ण विषय पर ध्यान केन्द्रित किया गया। यूनेस्को की नीति के अनुरूप, हम मातृभाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रति अपने दृढ़ विश्वास को दोहराते हैं। यह न सिर्फ सभी स्तरों पर शिक्षा को आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि हमारे देश की समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक एवं ज्ञान परंपराओं के बारे में संपूर्ण जागरूकता को भी विकसित करेगा।**

# मातृभाषा : शिक्षा की आधारशिला



**धर्मेंद्र प्रधान**




भारत एक बहुभाषी देश है। इसके विभिन्न भागों में ढेर सारी भाषाएं बोली जाती हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित बाईस भाषाओं और दस हजार से अधिक वक्ताओं द्वारा बोली जाने वाली निन्यानबे भाषाओं के अलावा, कई अन्य ऐसी भाषाएं एवं मातृभाषाएं हैं, जो छोटे भाषाई समुदायों के बीच बोली जाती हैं। यह भारतीय सामाजिक व्यवस्था का एक अंतर्निहित गुण है कि हम कई भाषाओं का उपयोग करते हैं और उसका आनंद लेते हैं। भाषाएं हमें जोड़े रखती हैं। हमारी सारी विविधताएं केवल बाहर से दिखाई देती हैं, लेकिन वास्तव में हम एक हैं। इस विविधता का उत्सव हम एकता में मनाते हैं।

21 फरवरी को मनाये जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के इस वर्ष के संस्करण में बहुभाषी शिक्षा-शिक्षा में बदलाव की जरूरत विषय पर ध्यान केंद्रित किया गया। यूनेस्को की नीति के अनुरूप, हम मातृभाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रति अपने दृढ़ विश्वास को दोहराते हैं। यह न सिर्फ सभी स्तरों पर शिक्षा को आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि हमारे देश की समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक एवं ज्ञान परंपराओं के बारे में संपूर्ण जागरूकता को भी विकसित करेगा।

**भारत की बहुभाषी प्रकृति की दृष्टि से स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करना जरूरी है।**

जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया है, हम बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा के अधिकार का समर्थन करते हैं और इसकी सुविधा प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सामने आने के बाद, इस बात पर बहुत चर्चा हुई है कि शिक्षा देने की भाषा क्या होगी। यहां हमें एक वैज्ञानिक तथ्य को समझना होगा कि भाषा शिक्षा का माध्यम होती है, वह संपूर्ण शिक्षा नहीं है। बहुत अधिक 'किताबी ज्ञान' में फंसे लोग अक्सर इस अंतर को समझने में विफल रहते हैं। बच्चा जिस भी भाषा में आसानी से सीख सके, उस भाषा को ही शिक्षा का माध्यम होना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 बहुभाषावाद को बढ़ावा देने की वकालत करती है और शिक्षण एवं सीखने की प्रक्रिया में भाषा की शक्ति पर प्रकाश डालती है। यह नीति मातृभाषा के उपयोग को शामिल करके आजीवन एक समान शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों में तेजी ला सकती है क्योंकि मातृभाषा पर आधारित बहुभाषी शिक्षा को हमारी शिक्षा प्रणाली का एक प्रमुख घटक होना चाहिए। हम पाठ्यक्रमों और कक्षाओं में मातृभाषाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने के महत्व पर बल देते हैं। लंबे समय तक उपनिवेशीकरण के कारण, हमने भारतीय भाषाओं और उनकी समृद्ध भाषाई परंपराओं की उपेक्षा की है। हमें अपने मन को गुलामी से मुक्त करना होगा, अपने गुलामी के रवैये से छुटकारा पाना होगा और अधिक से अधिक ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए अपना रास्ता खुद बनाना होगा। एनइपी 2020 प्रारंभिक बचपन की देखभाल एवं शिक्षा के सार्वभौमिकरण और सभी भारतीय भाषाओं में सीखने पर जोर देता है।

मातृभाषा संवाद का सच्चा साधन है, जोकि हमारी पहचान का मूल आधार है एवं हमारे व्यक्तित्व का एक अविभाज्य अंग है और हमें इसे कभी नहीं खोना चाहिए, क्योंकि यह हमारे अस्तित्व के समृद्ध सांस्कृतिक ताने-बाने को वहन करता है। आजीवन सीखने के परिपेक्ष्य में और विभिन्न संदर्भों में शिक्षा को बदलने की दृष्टि से बहुभाषावाद की क्षमता अच्छी तरह से स्थापित है। अपनी मातृभाषा में ज्ञान और जानकारी का उपयोग कर पाने या उस तक पहुंच सकने में सक्षम न हो पाना व्यक्तित्व के विकास और बौद्धिक स्वतंत्रता को सीमित कर सकता है। हमें माता-पिता, देखभाल करने वालों और शिक्षकों को अपने बच्चों को मातृभाषा में सीखने की प्रक्रिया में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि उनकी मातृभाषा स्कूल की अन्य भाषाओं के साथ-साथ विकसित हो। यह न सिर्फ शिक्षार्थियों को उनकी अपनी भाषा में अकादमिक साक्षरता विकसित करने में सहायता करेगा, बल्कि विभिन्न अवधारणाओं को समझने और अन्य भाषाओं को सीखने में भी समर्थ बनाएगा।

भारत की बहुभाषी प्रकृति की दृष्टि से स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करना जरूरी है। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि स्कूल के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करने को अतिरिक्त भार नहीं माना जाता है। कई अध्ययनों ने यह दर्शाया है कि मातृभाषा के माध्यम से दी गई प्राथमिक शिक्षा बच्चे की संज्ञानात्मक क्षमताओं को सबसे बेहतर तरीके से विकासित करती है और बुनियादी साक्षरता कौशल को अर्जित करने एवं जटिल अवधारणाओं की समझने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। दूसरे शब्दों में, अपनी मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे अपने शैक्षिक आधार का निर्माण दूसरी भाषा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों की तुलना में बेहतर तरीके से करते हैं। शिक्षा के माध्यम के रूप में सिर्फ किसी एक खास भाषा का उपयोग न सिर्फ कई बच्चों को उनकी अपनी मातृभाषा के मामले में निरक्षर बनाता है, बल्कि यह उस खास भाषा में भी निम्नतर स्तर की उपलब्धि को बढ़ावा देता है। स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देने और शिक्षा में ठहराव आने के मामले में भी भाषा एक प्रमुख कारक है।

हमारे देश के जटिल भाषाई परिदृश्य को स्वीकार करते हुए, हम कक्षा एवं शिक्षार्थियों की भाषा के मामले में प्रवीणता और शिक्षण में उच्च स्तर के कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए मातृभाषा-आधारित बहुभाषी शिक्षा व्यवस्था को लागू करने जा रहे हैं। मातृभाषा पर खास जोर देते हुए बच्चों को विभिन्न भाषाओं से परिचित कराया जाएगा, जिसकी शुरुआत बुनियादी स्तर से होगी। संवैधानिक प्रावधानों और लोगों, क्षेत्रों एवं संघ की आकांक्षाओं तथा बहुभाषी शिक्षा एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए, त्रि-भाषा नीति को लागू किया जाना जारी रहेगा। यें तीन भाषाएं, जिनमें मातृभाषाएं और स्थानीय/क्षेत्रीय भाषाएं शामिल होंगी, छात्रों, क्षेत्रों और राज्यों की पसंद पर आधारित होंगी। स्कूली विषयों सहित उच्च गुणवत्ता वाली पाठ्यपुस्तकें मातृभाषाओं में उपलब्ध करायी जायेंगी और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किये जायेंगे कि मातृभाषा के माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा आकांक्षी बने।

बच्चों के लिए दूसरी भारतीय भाषाओं को सीखना आसान है, क्योंकि सभी भारतीय भाषाएं भारतीय भाषा परिवार नाम की एक ही भाषा-परिवार से जुड़ी हैं। भारत की शास्त्रीय भाषाओं को सीखने से साहित्य और भारतीय ज्ञान प्रणालियों के समृद्ध भंडार तक पहुंच संभव हो सकेगी। भारतीय भाषा माध्यम से सीखने की प्रक्रिया से न सिर्फ भारत में शिक्षा की जड़ें मजबूत होंगी, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता भी मजबूत होगी क्योंकि संस्कृति और भाषा अविभाज्य हैं। मातृभाषा-माध्यम वाली शिक्षा को गति देने और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक उत्प्रेरक साबित होगा। हम भारत की मातृभाषाओं के माध्यम से शिक्षा को समर्थन देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

**(लेखक : भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### कदमा बाजार में लगी आग, मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मी

# राहत कार्य में जुटे पुलिस और स्थानीय लोग






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कदमा बाजार में सुबह अचानक आग लग गई। आज इतना तेजी से फैल रही है कि लगभग 10 दुकान जलकर खाक हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग व पुलिस पदाधिकारियों ने आग बुझाने के प्रयास में जुटे हैं। फिलहाल काबू पाने की कोशिशें की जा रही है। खबर लिखे जाने तक आग पर राहत कार्य जारी है। काबू नहीं पाया जा सका। वही आग तेजी से फैलने से अगल बगल का दुकान खाली कराया जा रहा है। आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन का प्रयास जारी है। सोमवार सुबह कदमा मछली बाजार के ठीक सामने वाली लाइन में अचानक से आग लग गई। सुबह 7 बजे के करीब या घटना देखी गई। आग कैसे लगा पुलिस जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। बताया जा रहा है दुकानों में ज्वलनशील पदार्थ ज्यादा होने के कारण आग परकाबू पाना मुश्किल हो रहा है। समाचार लिखे जाने तक करीबन 10 दुकानों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया।

# कोलकाता से 29 पदक जीत कर शहर लौटे खिलाड़ियों को केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** कोलकाता के साल्ट लेक स्थित विवेकानंद स्टेडियम में 43 वें राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप -2023 का आयोजन किया गया। मौके पर झारखंड के मास्टर एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक के सर्वाधिक 29 पदक जीतकर झारखंड का नाम रोशन किया। भारत सरकार के केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने विजय खिलाड़ियों को घोड़ा बांधा स्थित अपने आवास पर आमंत्रण किया। जहा सभी खिलाड़ियो को सम्मानित करते हुए ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनायें दी। मौके पर मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव सह अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलीट एस के तोमर शामिल रहे। मौके पर टीम के द्वारा केंद्रीय मंत्री को गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह देकर खिलाड़ियों ने खुशी जाहिर की।

### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर चैंपियनशिप के पदक विजेता महिला एवं पुरुष एथलीटों में शांति मुक्ता बारला, अवतार सिंह एवं एम महंता, मानिक लाल चटर्जी, साबू जोसेफ, आरएल दास, दीपक कुमार, फरहद, चरणजीत कौर, आनंद कुमार महतो,मिथिलेश कुमार, टीम प्रबंधक एसके शर्मा, टिम के प्रशिक्षक संजीव कुमार सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।

# सीआइआइ की वार्षिक बैठक आयोजित, कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** सीआइआइ का वार्षिक बैठक सोमवार को बिस्टुपुर स्थित एक होटेल में आयोजन किया गया। इस अवसर झारखंड स्टेट सीआइआइ के चेयरमैन सह हइको इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर तपस कुमार साहू,सीआइआइ के वाइस चेयरमैन सह टाटा मोटर्स के वीपी विशाल बादशाह, जेसीएपीसीपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर उज्जल चक्रवर्ती, नेशनल कमिटी एंड स्किल डेवलपमेंट को चेयरमैन सह आरबीएस के मैनेजिंग डायरेक्टर एस के बेहरा,पोस्ट चेयरमैन सह वीपी टाटा स्टील चाणक्य चौधरी, पोस्ट चेयरमैन सीआइआइ सह इएमडीइटी के मैनेजिंग डायरेक्टर रंनजोत सिंह मंच में शामिल रहे। मौके पर सीआईआई के चेयरमैन तपस कुमार साहू ने बताया झारखंड में उन्नति के लिए विकास के क्षेत्र में सीआइआइ हमेशा तत्पर रहती है। वार्षिक बैठक में कई एजेंडा पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सीआइए के सीनियर मेंबर और इंडस्ट्री के लोग शामिल रहे। झारखंड के सभी इंड्रस्ट्री में तेजी से विकास कैसे हो उस पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया बर्तमात में जो इंड्रस्ट्री है और जो मेम्बर्स है सरकार के साथ समन्वय बनाकर तेजी से विकास कैसे हो उसपर चर्चा की गई। उन्होंने बताया इंडस्ट्री और सरकार के बीच की दूरी को कम करने के लिए सीआईआई का प्रयास लगातार जारी है। वही इंडस्ट्री से जो फीडबैक मिलती है उसे सरकार तक पहुंचाया जाता है। उसमें सरकार को सीआईआई के द्वारा राय भी दी जाती है। ताकि देशभर में जो अच्छे पॉलिसी है उसपर सरकार से विचार कर झारखंड के इंडस्ट्री में लागू किया जा सके। मौके पर सीआईआई के एजीएम में सभी वरिष्ठ पदाधिकारी व इंडस्ट्री के सैकड़ो लोग शामिल रहे।

# आजाद के बलिदान का कृतज्ञ राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा : काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** देश प्रेम, वीरता और त्याग की परिभाषा गढ़ने वाले भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रान्तिकारी, भारत माता की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले साहस, शौर्य व निर्भीकता के प्रतीक, प्रखर राष्ट्रभक्त अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उन्हें नमन परिवार द्वारा कालीमाटी कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई ' इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि मजदूर नेता राकेश्वर पांडे ने कहा कि- आजादी की लड़ाई का इतिहास क्रांतिकारियों के विविध साहसिक कारनामों से भरा पड़ा है और ऐसे ही बलिदानियों के बलिदान को याद कर युवाओं को जागृत करने के लिए नमन परिवार की विचारधारा को नमन। इस अवसर पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि- चंद्रशेखर आजाद को याद कर हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। आजाद को आजाद भारत से कम कुछ भी स्वीकार नहीं था। उनका बलिदान हमें मातृभूमि की सेवा में अपना सर्वस्व अर्पण करने की सीख देता है। अपने शौर्य से इस वसुंधरा को गौरवान्वित करने वाले अजर अमर सेनानी के बलिदान का कृतज्ञ राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा हमें वैसे लोग पसंद नहीं जो राष्ट्र के प्रति भक्ति नहीं रखते। नमन ने शहीदों की शहादत को याद कर उन्हें आज की पीढ़ी को याद दिलाने का जो बीड़ा उठाया है वो अपने मकसद में कामयाब हो रहा है इसका सबूत आज यहां उपस्थित मातृशक्ति और युवा साथी हैं। वरिष्ठ पत्रकार सह नमन के संरक्षक बृजभूषण सिंह ने कहा कि-वीरता, साहस,निडरता की प्रतिमूर्ति थे मां भारती के अमर सपूत चंद्रशेखर आजाद ।ऐसे सपूत विरले ही मिलते हैं जिन्होंने मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। कार्यक्रम के दौरान यूपी संघ के रामकेवल मिश्रा, कथा वाचिका लता सिन्हा, पूर्व सैनिक परिषद के वरुण कुमार, हर हर महादेव सेवा संघ के अध्यक्ष सुखविंदर सिंह निक्कू, झारखंड सिख प्रतिनिधि बोर्ड के जसवंत सिंह भोमा, आजसू नेता मुन्ना सिंह, जंबू अखाड़ा के बंटी सिंह, अर्पण संस्था के जूगुन पांडे ने अपने विचार रखे कार्यक्रम का संचालन राजीव कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन महेश मिश्रा ने दिया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में साकची गुरुद्वारा प्रधान निशान सिंह, महासचिव परमजीत सिंह काले, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के कुलविंदर सिंह पन्नू, झारखंड सिख प्रतिनिधि बोर्ड अध्यक्ष गुरचरण सिंह बिल्ला, इंद्रजीत सिंह कपूर, बिष्टुपुर गुरुद्वारा से महेन्द्र पाल सिंह, मानगो गुरुद्वारा से इंदर सिंह इंदर, त्रिलोचन सिंह, महेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह निदीं, सुरजीत सिंह सिते, सतनाम सिंह गंभीर, सिख नौजवान सभा के महासचिव दमनप्रीत सिंह,वायस ऑफ यूनिटी के हरी सिंह, कराटे एसोसिएशन के सरजू राम, संतलाल पाठक, ब्राह्मण युवा शक्ति संघ के अप्पू तिवारी, तेलुगु समाज से भानु राव, प्रमिला शर्मा, रीया मित्रा, बंदना नामता, पुतुल सिंह, हेमलता, आभा वर्मा, लख्खी कौर, ममता पुष्टि, सीमा जयसवाल, खुशबू सहाय, सीमा शर्मा, मिनी सिंह, किरन सिंह, रीता, चंदना रानी, गौरी कुमारी, सीता देवी, नमिता सिंह, ममता सिंह, गीता कुंडु, सरीता, सीमा हेम्बरम, रीमा भट्टाचार्य, ममता कपूर, कलावती देवी, गीतांजलि बोस, ममता साहा, तनूश्री लेकां, एस बी राणा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### उपविकास आयुक्त ने धुरकी प्रखंड कार्यालय में पहुंचकर किया औचक निरीक्षण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने धुरकी प्रखंड का सोमवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपविकास आयुक्त ने बीडीओ अरूण कुमार सिंह के साथ सर्वप्रथम जिले का सबसे मशहूर सूखलदरी वाटर फॉल का भ्रमण भी किया। उपविकास आयुक्त ने सुखलदरी वाटर फॉल परिसर में धुरकी प्रखंड कर्मियों के साथ थोड़ी देर ठहर कर प्राकृतिक मनोरम दृश्य का अवलोकन भी किया। उपविकास आयुक्त ने सूखलदरी वाटर फॉल के मनोरम दृश्य की जमकर तारीफ करते हुए कहा की प्राकृतिक जंगल और पहाड़ों के बीच से निकलती कनहर नदी की जलधारा को देखकर मन प्रसन्न हो जाता है। वहीं इसके बाद उपविकास आयुक्त के परासपानी कला गांव में कोरवा परहिया आदिम जनजातीय लोगों को मिले हुए आवास का भी निरीक्षण किया और लाभूक से बातचीत भी की। वहीं इसके बाद उप विकास आयुक्त धुरकी प्रखंड कार्यालय में पहुंचकर कार्यालय का मुआयना भी किया। इस दौरान उपविकास आयुक्त ने स्थानीय मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि उनका धुरकी प्रखंड का आज औचक निरीक्षण था। जिसमें उन्होंने विभिन्न गांव में पहुंचकर चल रहे सभी तरह के विकास कार्य व स्थल पर पहुंचकर अध्ययन किया। जिसमें उन्हें योजनाएं संतोषजनक मिली हैं। उप विकास आयुक्त स्पष्ट रूप से कहा कि अभी वह ज्यादा डिटेल में योजनाओं का निरीक्षण नहीं कर पाए हैं। लेकिन आने वाले कुछ ही दिनों में वह धुरकी प्रखंड पंचायत के मुखिया सहित सभी जनप्रतिनिधियों के साथ पुनः निरीक्षण करेंगे।

### रविदास महासभा ने किया रविदास जयंती समारोह सह सम्मेलन का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रविदास महासभा के तत्वावधान में गुरु रविदास के 646वीं जयंती समारोह एवं रविदास समाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य रूप से रविदास समाज के दशा एवं दिशा पर लोगों के बीच बात को रखा गया और लोगों से दशा एवं दिशा परिवर्तन करने की मांग की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सुमित पाल ने बुद्ध वंदना त्रिशरण एवं पंचशील से की। तत्पश्चात गौतम बुद्ध, गुरु रविदास एवं बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन रविदास महासभा गढ़वा के अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम एवं संयोजक शिवनाथ राम ने किया। वहीं कार्यक्रम में रामाश्रय राम, सुशील कुमार, राजनाथ राम, मंगरु राम, ज्ञानी राम, ब्रहम देव राम, रामचंद्र राम, राकेश कुमार, राजेश कुमार, विपिन कुमार, मोती राम, जिला परिषद सदस्य रानी बाला, सुषमा कुमारी, प्रमुख दीपमाला कुमारी, प्रमुख सुरजी देवी, मुखिया मुखराम भारती, शिवनारायण राम, शिव शंकर राम, प्रमोद बाबू डॉ कृष्णा राम आदि मंच पर विराजमान थे। वहीं रघुराई राम ने कार्यक्रम में आये समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दलित समाज का कोई राजनीतिक वजूद नहीं है, जिस वजह से सबसे ज्यादा अन्याय अत्याचार शोषण दमन इसी समाज पर होता है। मौके पर सतेंद्र भारती, विकास कुमार, सैनी भारती ने अपनी टीम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में लगभग हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी पंचायत प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य सहित समाज के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सेविका के निधन पर शोक सभा आयोजित



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह बाल विकास परियोजना कार्यालय में सोमवार को सेविका बीना सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रभारी सीडीपीओ सह बीडीओ प्रवेश कुमार साव की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में उपस्थित दर्जनों आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर बीडीओ श्री साव ने कहा कि प्रखंड के गेरुआसोती आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका बीना सिंह मृदुभाषी एवं काफी मिलनसार तथा अपनी ड्यूटी के प्रति हमेशा समर्पित रहती थीं। उनके असामयिक निधन से उनके परिवार के साथ-साथ विभाग के लिए भी एक बड़ी क्षति है। जानकारी के अनुसार बीना सिंह विगत कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। इलाज के दौरान ही शनिवार की रात्रि में उनकी मृत्यु हो गई। शोक सभा में प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा, पर्यवेक्षिका एकता नाथ, कुमारी स्वस्तिका, पुष्पा कुमारी, सेविका विभा रानी, श्याम दुलारी देवी, जैनूल बीवी, कांति देवी, मीना देवी, अंबा रानी, जरीना खातून, सुषमा देवी, रेणु देवी, अनीता देवी सहित कई लोग थे।

**कार्यक्रम :** चिकित्सकों की हड़ताल की स्थिति का उपायुक्त ने लिया जायजा, कहा

# प्रशासन की पहल पर जल्द होगी हड़ताल की पॉजिटिव एंडिंग

**उपायुक्त ने हड़ताल पर बैठे सभी चिकित्सकों के साथ पूरे अस्पताल कैंपस में सारी सुविधाओं का जायजा लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने पदभार ग्रहण करने के बाद चिकित्सकों की चल रही हड़ताल को लेकर स्वास्थ्य सुविधा का जायजा लेने रविवार की शाम करीब 7:30 सदर अस्पताल पहुंचे। मौके पर एसपी अंजनी कुमार झा, एसडीओ राज महेश्वरम, एसडीपीओ अवध कुमार यादव मौजूद रहे। वहीं उपायुक्त शेखर जमुआर ने सदर अस्पताल पहुंचते ही हड़ताल पर बैठे सभी चिकित्सकों के साथ पूरे अस्पताल कैंपस में सारी सुविधाओं का जायजा लिया। सर्जिकल वार्ड, मेडिकल वार्ड, ओपीडी लेबर वार्ड, इमरजेंसी वार्ड आदि वार्डों में जाकर सभी मरीजों से मिले एवं उनके स्वास्थ्य सुविधा के बारे में पूछताछ कर सभी सुविधाओं का जायजा विस्तार से लिया।

मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि में गढवा जिले के उपायुक्त के पद पर पदभार ग्रहण किया उसके बाद से ही यहां के लोगों द्वारा मुर्दाबाद जिंदाबाद का नारा सुनने को मिल रहा है। मैंने कहा भी हमें पहले समझ लेने दीजिए मामला क्या है। उसके बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा। वहीं राजनीतिक दल के लोगों के द्वारा यहां के सिविल सर्जन उपाधीक्षक एवं डीपीएम के साथ अभद्र व्यवहार मारपीट की घटना होने की सूचना अखबारों एवं स्थानीय लोगों के माध्यम से जानकारी मिली है। उसकी भी निष्पक्ष जांच चल रही है। प्रशासन इस पर पहल कर रहा है। उलझनें बढे ना इसलिए जल्द ही चिकित्सकों की हड़ताल को लेकर विचार किया जाएगा एवं पॉजिटिव एंडिग होगा और सभी चिकित्सक लगातार इमरजेंसी सेवा के साथ हड़ताल के दौरान धरने पर बैठे रहने के बाद भी दूरदराज से आये मरीजों का इलाज कर रहे हैं यह बहुत ही सराहनीय बात है। सभी युवा टीम चिकित्सकों की बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर जल्द ही इस पर विचार कर इनको वापस अपने कार्य नियमित रूप से एवं सुचारु रूप से चलाने के लिए हड़ताल को खत्म कराया जाएगा।

इस मौके पर चिकित्सक डॉ अमित कुमार, तरुण कुमार, पीयूष प्रमोद, पीयूष पी प्रमोद, पुष्पा सहगल आदि सहित सदर अस्पताल के सभी कर्मी मौजूद थे।



### भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने उपायुक्त से मिलकर की सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था शुरू कराने की मांग



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सूरज प्रसाद गुप्ता ने उपायुक्त से मिलकर जिले भर में ठप स्वास्थ्य व्यवस्था को शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने उपायुक्त से व्यक्तिगत रूप से रूची लेकर पूरी घटना की आंतरिक जांच कराते हुए अविलंब चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मियों को न्याय देने तथा स्वास्थ्य व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। उपायुक्त से मिलने के बाद भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने कहा कि यदि अविलंब स्वास्थ्य व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो आगे की रणनीति बनाकर जबरदस्त जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रसाशन की होगी।

## एआइएमआइएम गढ़वा इकाई ने सदर अस्पताल की घटना पर जताया विरोध



**कहा- डॉक्टरों के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग एवं जान से मारने की धमकी मामले की हमारी पार्टी कड़ी निंदा करती है**

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जेएमएम नेताओं द्वारा सदर अस्पताल के सिविल सर्जन, उपाधीक्षक एवं डीपीएम के साथ की गयी अमर्यादित भाषा का प्रयोग एवं जान से मारने की धमकी को लेकर ऑल इंडिया मजलिसे ऐत्तहादुल मुस्लिमीन पार्टी जिला इकाई गढ़वा ने निंदा करते हुए प्रेस वार्ता कर विरोध जताया। प्रेस कांफ्रेंस में नेताओं ने कहा कि बीते गुरुवार को सदर अस्पताल के वरीय पदाधिकारी के साथ अमर्यादित भाषा का उपयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी जानी लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस तरह की तानाशाही रवैया का कोई स्थान नहीं है। उनकी पार्टी इस तरह की रवैया घोर निंदा करती है तथा मांग करती है कि जिला प्रशासन गढ़वा दोषियों को अविलंब गिरफ्तार करे तथा साथ में यह भी मांग करते हैं कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट को जिला प्रशासन सख्ती से लागू करे। जिला प्रशासन डॉक्टरों को सुरक्षा मुहैया कराए ताकि डॉ निर्भय होकर आम जनता को इलाज कर सके।

मौके पर युवा जिला अध्यक्ष के साथ इमरान अंसारी, मोबिन अंसारी, सत्येंद्र कुमार, मुजाहिद अंसारी, इमरान अंसारी, अवध किशोर मेहता,सुदामा कुमार, कमलेश रवि, फैजान अंसारी, जहांगीर अंसारी उपस्थित थे।


**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(कल्याण शाखा)**

**सूचना**

शिक्षण सत्र 2023–24 में एकलब्य मॉडल आवासीय विद्यालय एवं आश्रम आवासीय विद्यालय में कक्षा 6, 7 एवं 8 में नामांकन हेतु प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर चयन परीक्षा के निमित राँची जिलान्तर्गत कुल पांच परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये हैं, जो निम्नवत है :–

| क्र0 | विद्यालय का नाम | कक्षा | रोल नम्बर | कुल परीक्षार्थी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मारवाड़ी +2 उच्च विद्यालय, राँची । | 6 | 0160001 से 0160500 | 500 |
| 2 | बालकृष्णा +2 उच्च विद्यालय, राँची । | 6 | 0160501 से 0160880 | 380 |
| 3 | शिवनारायण मारवाड़ी कन्या उच्च विद्यालय, अपर बाजार, राँची । | 6 | 0160881 से 0161119 | 239 |
| 4 | जिला स्कूल, राँची | 7 | 0170001 से 0170371 | 372 |
| 5 | एल0ई0बी0बी0 उच्च विद्यालय, बड़ा तालाव के पास, अपर बाजार, राँची । | 8 | 0180001 से 0180251 | 251 |
| | कुल :– | | | 1742 |

जिला कल्याण पदाधिकारी,
राँची

PR 291334 Welfare(22-23).D


# विद्या मंदिर में कक्षा दशम के विद्यार्थियों का स्नेह मिलन सह विदाई समारोह आयोजित

**आप भैया बहन की विदाई नहीं हो रही है, आप जीवन के नये मुकाम हासिल करने के लिए जा रहे हैं : आचार्य सुधीर प्रसाद**

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा दशम का विदाई समारोह का शुभारम्भ विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि सह पूर्व छात्र चंदन कुमार, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा मां शारदे, ॐ व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वजलन किया गया।

स्वागत गीत 'मन की वीणा से गुंजित ध्वनी मंगलम' कक्षा नवम की बहन खुशी कृति, मुस्कान, शिवांगी ने स्नेह मिलन 'विदाई गीत- भूल न पाएंगे हम ना तुम भूल पाओगे.... नवम की बहन सृष्टि, चंचला, कोमल, शुभम, मुस्कान व खुशी ने गाये।

आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि आप भैया बहन की विदाई नहीं हो रही है आप जीवन की नये मुकाम हासिल करने के लिए जा रहे हैं। आप विद्यालय को भूल मत जाइएगा और यहां के संस्कार को बनाए रखिएगा। श्री प्रसाद ने कुम्हार द्वारा घड़ा निर्माण का उदाहरण देते हुए कहा कि घड़ा मजबूत होने के लिए अंदर हाथ और उपर से ठोका जाता है।

अनुभव कथन में साक्षी कुमारी ने शिशु प्रवेश से दशम तक के बीते हुई पलों का सारगर्भित वर्णन किया। बहन साक्षी ने कहा कि हमें यहां बहुत कुछ सीखने को मिला जो आगे चल कर हमारे जीवन में बहुत काम आएगा। दशम के भैया आयुष कुमार ने कहा कि सभी आचार्य जी दीदी जी ने मुझे बहुत स्नेह दिया और आने वाली समस्या का निराकरण सहजता से किया। भैया आयुष ने एक विदाई कविता पढ़ कर सभी के मन को मोह लिया। विदाई गीत.. विदा क्या करें हम भरें इस नयन से..... नवम की बहन ज्योति प्रिया, कुमकुम, रिया, खुशनुमा, आलिया व चंचला पांडे ने प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बीते हुए पलों के विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का वर्णन किया। श्री पाठक ने कहा कि आप दशम के भैया बहन अपने रुचि के अनुसार ही आगे के विषय चुनेंगे। चाहे वह विषय आर्ट्स एंड ग्राफ, म्यूजिक, डांस, कला, विज्ञान, वाणिज्य आदि विषय में पारंगत होंगे। विद्यालय की रीति, नीति संस्कार, अनुशासन को अपने जीवन में उतारेंगे। कक्षा नवम के भैया बहनों द्वारा आचार्य आगंतुक अतिथियों को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किया गया। मंच संचालन कक्षा नवम की बहन साक्षी चौबे व धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा किया गया कल्याण मंत्र के साथ समारोह की समाप्ति हुई।


**कार्यलिय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,कोडरमा**

**(अति अल्पकालिक निविदा)**
**इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी आंगनवाडी में Assessment & Hub मॉडल के आधार पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनवाडी सेविका/ सहायिका के तरह साधारण प्रदर्शन करने वाले सेविका/ सहायिका को प्रशिक्षण दिया जाना है। उक्त के निमित इच्छूक प्रशिक्षण सेवा प्रदाता का चयन करने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। इच्छूक प्रशिक्षण सेवा प्रदाता को सूचीबद्ध जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में किया जायेगा।

इच्छूक प्रशिक्षण सेवा प्रदाता अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफा में भरकर बन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा में (Expression of Interest) प्रकाशन की तिथि से दिनांक .10–03–2023... के अपराह्न 03.00 .बजे तक जमा कर सकते है।

उक्त निविदा उपायुक्त, कोडरमा के सभाकक्ष में दिनांक 10–03–2023. को 04.00 बजे अपराहन में खोली जायेगी।

नोट– निविदादाता हेतु विस्तृत जानकारी जिले के वेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह/–0
उप विकास आयुक्त–सह–
सचिव, DMFT, कोडरमा

PR 291364 Rural Development(22-23).D



**जिला उद्योग केन्द्र, कोडरमा**

**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना**

सूक्ष्म खाद्य उद्यमों के स्थापना व उन्न्यन (पूर्व से स्थापित इकाई) के लिए एक लाख से तीन करोड़ तक के परियोजना लागत का 35% या अधिकतम 10 लाख रूपये तक पूंजीगत अनुदान दिया जाएगा।

- खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के उद्यमों के स्थापना व उन्न्यन के लिए अनुदान का प्रावधान
- एफपीओ, स्वयं सहायता समूहों एवं सहकारिता समूहों को पूँजी निवेश पर 35% क्रेडिट लिंक्ड अनुदान
- स्वयं सहायता समूहों को शुरूआत करने हेतु 40 हजार रूपये का प्रारंभिक पूँजी समर्थन
- चिन्हित खाद्य उत्पाद की ब्रांडिंग और विपणन की सहायता के लिए कुल व्यय के 50% तक सहायता
- व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य उद्यमों को उन्न्यन हेतु न्यूनतम 10% लाभार्थी का योगदान अनिवार्य
- एक जिला एक उत्पाद" के अन्तर्गत चिन्हित उत्पाद आधारित उद्यमों को अनुदान में प्राथमिकता

**आवेदन देने हेतु आवश्यक कागजात :–**

(1) आवेदक/आवेदिका का उम्र 18 वर्ष के उपर
(2) पासपोर्ट साईज का फोटो
(3) आधार कार्ड(मोबाईल नम्बर लिंक्ड)
(4) पैन कार्ड
(5) बैंक पासबुक की छायाप्रति (6महीना स्टेटमेंट सहित)
(6) बिजली बिल/राशन कार्ड/टेलिफोन बील/गैस कन्जूमर पासबुक
(7) योजना से संबधित परियोजना प्रतिवदेन
(8) योजना से संबधित मशीन कोटेशन

**कहाँ करें आवेदन :–**

1. जिला उद्योग केन्द्र, कोडरमा।
2. संबंधी प्रखंड कार्यालय (प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक)।
3. वेबसाइट www.pmfme.mofpi.gov.in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें।

महाप्रबन्धक
जिला उद्योग केन्द्र, कोडरमा

PR 291299 Industries (22-23)_D


**कार्यक्रम :** सृजन साहित्यिक मंच गढ़वा ने फाग मिलन सह हास्य कवि सम्मेलन का किया आयोजन

# कवियों ने कविता एवं गीत-गजलों से देर रात तक श्रोताओं को झुमाया

**होली गमों को भूलने का पर्व है : प्रधान न्यायाधीश रामवचन सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** सृजन साहित्यिक मंच गढ़वा द्वारा रविवार की शाम होली के अवसर पर फाग मिलन सह हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्थानीय मेलोडी मंडप में आयोजित इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों से आये कवियों ने अपनी कविता एवं गीत-गजलों के माध्यम से देर रात तक श्रोताओं को झूमाने का काम किया। हास्य कवि सम्मेलन का उद्घाटन गढ़वा कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामवचन सिंह, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केएन पांडेय, समाजसेवी अन्नु दूबे, डॉ पातंजलि केसरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कवि सम्मेलन की शुरूआत मंच के सचिव सतीश कुमार मिश्र ने शहरनामा से हुई. जिसमें उन्होंने सदर अस्पताल सहित नदी-नालों की स्थिति पर व्यंग्यात्मक शैली में वर्णन कर श्रोताओं की तालियां बटोरीं।

कवि सम्मेलन में विषय प्रवेश अध्यक्ष विनोद पाठक ने शब्दों में विध्वंस हों, सृजन के लिये...से किया। उदघाटन सत्र का संचालन अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी ने तथा धन्यवादज्ञापन मीडिया प्रभारी दयाशंकर गुप्ता ने किया।

फाग स्नेह मिलन में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामवचन सिंह ने कहा कि होली गमों को भूलने का पर्व है. होली में आपसी गिले शिकवे भूलकर सभी से प्रेमपूर्वक मिलना चाहिये। इस दौरान मंच से उन्होंने होली पर अपनी रचना भी पढ़ी। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केएन पांडेय ने सरस्वती वंदना और वेदमंत्रों से वातावरण को साहित्यिक बनाने का काम किया। इस अवसर पर मंच पर सेवानिवृत बीसीओ अजय शुक्ला एवं संजय चौबे ने भोजपुरी गीत गाकर श्रोताओं को प्रभावित किया. समाजसेवी विजय केसरी ने अपनी ओर से तथा भाजपा की ओर से महामंत्री संतोष दूबे व मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी ने कवियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

सृजन साहित्यिक मंच के उपाध्यक्ष राजमणि राज, संगठन सचिव राजकुमार मधेशिया, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, शशिशेखर गुप्ता, दीपक तिवारी आदि ने कवियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया।

मौके पर समाजसेवी विजय केसरी, उमाकांत तिवारी, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजीव राज तिवारी, रेडक्रॉस अध्यक्ष डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, सचिव डॉ जेपी सिंह, डॉ कुलदेव चौधरी, डॉ अशोक सोनी, रविंद्र जायसवाल, कमलेश गुप्ता उर्फ पिंटू बाबू, विनोद जायसवाल, नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष अनितादत्त, भाजपा नेत्री कंचन जायसवाल, कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष कमर सफदर, समाजसेवी किरण गुप्ता, पातंजलि योग समिति के रासबिहारी तिवारी, सफदर अली, अधिवक्ता विकास चौबे, अशोक पटवा, एसएन पाठक, अवध किशोर चौबे आदि उपस्थित थे।


**अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का कार्यालय,छतरपुर,पलामू**

**COURT of Sri Prateek Raj**
**Civil Junior (Jr.Div II CUM JMFC)**
**Daltonganj Palamu**

**G.R.-755/17(s)** **PIPRA PS.-21/2017**

**एक महत्तम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।**
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)

(1) नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1) O/c-Magra P.S., Gaya (Bihar) वे चुंके

(2) किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा मजमुअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है(2)

(3) नाम –Nitesh jee @ Nandu Yadav, s/o Babue Yadav, Vill-Tarwadih, PS-Magra, Dist.-Gaya (Bihar) — और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3)

(4) फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उसपर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि कि(3)

जब U/S-147/148/149/323/379/435/386/387/395/34 I.P.C. and 17 C.L.A.

(4) मोकाम।

(4) मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि J.M.F.C.-20/02/2023 मजकुर साकिन ब–मोकाम(5) अ–हजूर(6)

(6) इस अदालत व रूबरू मेरे। 18.03.2023 — ब–तारीख माह नालिश–मजकुर को जवाबदेही के लिए हाजिर हो

आज तारीख 20 माह 02 सन् 2023

-sd-
PRATEEK RAJ

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी
छतरपुर,पलामू

PR 291339 District(22-23).D

# शहर के टीबी रोगियों को दिया गया दूसरे माह का पौष्टिक आहार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** नगर परिषद की ओर से बीते माह शहर के सभी टीबी रोगियों को पोषण की दृष्टिकोण से गोद लिया गया था, जिन्हें पिछले माह एक माह का सूखा राशन उपलब्ध कराया गया था। जिसमें प्रोटीन, तेल, घी, गुड आदि जरूरी अन्य विभिन्न खाद्य सामग्री शामिल थी। उक्त पोषण कार्यक्रम को नगर परिषद की ओर से अगले छह माह के लिए प्रायोजित किया गया है। उसी क्रम में इस माह का पोषण खाद्यान्न वितरित करने हेतु सोमवार को नगर परिषद सभागार में एक सादा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जहां नगर परिषद के उपाध्यक्ष कलीम अख्तर तथा कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने संयुक्त रूप से शहर के टीबी रोगियों को पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध करवायी। उन्होंने इस दौरान नगर परिषद पहुंचे उपचार-रत रोगियों तथा उनके परिजनों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामना भी दी। साथ ही अपील की कि जिला टीबी कार्यक्रम के तहत दिए गए निर्देशों तथा नियमों का अनुपालन करते हुए ससमय दवाई लें तथा जिले को टीबी मुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभायें।

इस दौरान जिला यक्ष्मा कार्यालय के कई पदाधिकारी तथा नगर परिषद के कर्मचारी गण मौजूद थे।

## समस्या का समाधान होने तक ट्रैक्टर से बालू उठाव बंद रहेगा : उदासन नाग



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के केमता टोली स्थित बाघमुंडा ढाबा में उदासन नाग की अध्यक्षता में ट्रैक्टर मालिकों की बैठक आयोजित की गयी। मौके पर उदासन नाग ने कहा कि कुछ दिनों से ट्रैक्टर मालिकों को प्रशासन के द्वारा काफी परेशान किया जा रहा है। हम ट्रैक्टर मालिक पूरी तरह ट्रैक्टर पर ही आश्रित हैं और हमारा परिवार एवं ट्रैक्टर में काम करने वाले मजदूरों का भी परिवार इसी ट्रैक्टर से चलता है। ट्रैक्टर के द्वारा हम दूसरे कोई जिला और राज्य में बालू सप्लाई नहीं करते हैं। ट्रैक्टर से लोकल क्षेत्र में सरकारी काम के लिए और आम लोगों को अपने आवास आदि बनाने के लिए हम बालू की सप्लाई करते हैं, फिर भी हमें बार-बार प्रशासन के द्वारा परेशान किया जा रहा है। उदासन नाग ने प्रशासन से मांग की कि बसिया प्रखंड के हर पंचायत के हर बालू घाट में चालान की व्यवस्था की जाए। उदासन नाग ने आगे कहा कि ट्रैक्टर मालिक की तकलीफ को देखते हुए उनके भविष्य और रोजगार तथा क्षेत्र के विकास को नजर रखते हुए इसका जल्द समाधान निकाला जाए अन्यथा हम सभी ट्रैक्टर मालिक अपने सारे ट्रैक्टर को ले जाकर ब्लॉक प्रांगण में जमा कर देंगे और फिर रोजगार का दायित्व प्रशासन का होगा। जब तक हमारी समस्या का समाधान नहीं होता है तब तक बालू उठाना पूर्णतः बंद रहेगा। बैठक के उपरांत उदासन नाग के नेतृत्व में एक ज्ञापन प्रतिनिधिमंडल द्वारा एसडीओ संजय पीएम कुजूर को दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से गोवर्धन साहू, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष पिंटू सिंह, भाजपा कार्यकर्ता सह अमर पांडे, ओम प्रकाश साहू, भोला साहू, वीरेंद्र साहू, राम कृष्णा बघेल, भुनेश्वर साहू, अजय पाठक, अरुण नाथ समेत अनेक ट्रैक्टर मालिक उपस्थित थे।

## कबीर पंथी संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों ने शोभायात्रा निकाली



**सिसई (आजाद सिपाही)।** जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज की सोमवार को शोभायात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कबीर पंथी संत रामपाल जी महाराज के अनुयाइयों ने भाग लिया। शोभायात्रा पिलखी मोड़ से बरटोली, कॉलेज मोड़, थाना रोड, ब्लॉक चौक से होते हुए पुनः बरटोली तक पैदल चलकर संपन्न हुई। अनुयाइयों ने कहा कि पूरे मानव समाज में शराब, बीड़ी, सिगरेट, भांग तंबाकू, जुआ, दहेज लेना व देना, भ्रूण हत्या, जातिवाद तथा पाखंडवाद सहित भ्रष्टाचार जैसी बुराइयां एवं कुरीतियां चरम सीमा पर हैं, जिसे समाज से दूर करना है। शोभयात्रा के माध्यम से कबीर पंथी संत गरीबदास जी महाराज के आगामी बोध दिवस के उपलक्ष्य में देश भर के 10 सतलोक आश्रमों सतलोक आश्रम मुंडका दिल्ली, कुरुक्षेत्र, भिवानी, हरियाणा, धूरी, खमाणों पंजाब, सोजत राजस्थान, शामली उत्तर प्रदेश, बैतूल मध्यप्रदेश, जनकपुर नेपाल में आगामी 2, 3 व 4 मार्च को आयोजित विश्वस्तरीय धार्मिक भंडारे व सत्संग कार्यक्रमों में सभी ग्रामवासियों को आमंत्रित किया गया। मौके पर कबीर पंथी राज्य संयोजक प्रवीण सिंह, विकास महतो, बिरेंद्र उरांव, जगदीश लोहरा, मनोज, रामदयाल, पल्लवी, रेशमी, सुखराम उरांव, बहुरा लोहरा, विशुल महली, शिवलाल उरांव, दीपक चीक बड़ाईक समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

**बैठक :** उपायुक्त ने की विभागवार आवंटन की व्यय एवं शेष राशि की समीक्षा, दिये निर्देश

# 20 मार्च से पूर्व 'नो डुप्लीकेसी' का प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें

**जिला समाज कल्याण विभाग को आवंटित राशि के विरुद्ध किये गये कार्यों की जांच रिपोर्ट बनाने का दिया निर्देश**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सोमवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के वित्तीय वर्ष 2022 -23 में आवंटन की व्यय राशि और शेष राशि के संबंध में समीक्षात्मक बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण विभाग, जिला सामाजिक सुरक्षा कार्यालय, जिला शिक्षा विभाग , एवं स्वास्थ्य विभाग की एक एक कर समीक्षा की।

जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्राप्त आवंटन के विरुद्ध वर्ष भर में हुए खर्चों पर चर्चा की। उपायुक्त ने बाल संरक्षण गृह, ऑब्जर्वेशन होम, चिल्ड्रन होम आदि के अनुरक्षण मरम्मती एवं देखरेख के लिए आये प्राप्त आवंटित राशि के विरुद्ध किये गये कार्यों की जांच रिपोर्ट बनाने का का निर्देश दिया। इसके साथ किसी भी मद में आयी राशि से क्रय किये गए वस्तुओं की डुप्लीकेसी न हो उसका ध्यान रखने की बात कही। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 20 मार्च से पूर्व 'नो डुप्लीकेसी' का प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें। उपायुक्त ने बाल सुधार गृह के दीवारों में ज्ञानवर्धी एवं प्रेरणादायक बातों का दीवार लेखन कराने का निर्देश दिया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी के लिए मिलने वाले इंसेंटिव राशि को शत प्रतिशत सभी के बीच वितरण करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने अभियान चलाते हुए इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी, सिजरियाल डिलीवरी, चाइल्ड हेल्थ आदि से संबंधित मिलने वाले इंसेंटिव राशि का वितरण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने इंसेंटिव के तहत प्रशिक्षण संबंधित कर्मियों को देने की बात कही। 6 मार्च से पूर्व इंसेंटिव राशि का वितरण शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। जिले में 19 स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण किया जाना है जिसके तहत उपायुक्त ने जल्द ही साइट्स का चयन करने का निर्देश दिया।

शिक्षा विभाग अंतर्गत सभी प्राप्त आवंटन राशि के विरुद्ध व्यय राशि की जांच रिपोर्ट देने की बात कही। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को संयुक्त रूप से जांच करते हुए रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।सभी विद्यालयों में शत प्रतिशत यूनिफॉर्म, किताब, दिव्यांग बच्चों के लिए ब्रेनली एवं बड़े अक्षरों वाली किताबें आदि वितरण की भी जांच रिपोर्ट देने को कहा।

सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत वित्तीय वर्ष के प्राप्त आवंटन के विरुद्ध हुए खर्च को समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी मुख्य बिंदुओं की जांच की। उपायुक्त ने सभी पेंशन धारियों को भुगतान किए जाने वाले लंबित राशि को जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इस दौरान सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# बांस के कारीगरों के बीच टूल किट वितरित

**महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र गुमला के बीडीएन सिंह ने बांस की खेती करने के लिए कारीगरों को किया जागरूक**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिला प्रशासन गुमला के द्वारा सदर प्रखंड के ग्राम अरमई बेहरा टोली में बांस कारीगरों के बीच टूल किट का वितरण विशेष केंद्रीय सहायता मद से किया गया। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र गुमला के बीडीएन सिंह ने बांस की खेती करने हेतु कारीगरों को जागरूक किया। बांस की खेती बंजर भूमि में भी की जा सकती है। बांस की खेती एक बार लगाकर 100 वर्षों तक कटिंग करते हुए बांस के उत्पाद निर्माण टोकरी, बांस, सूप, दौरा, फर्नीचर एवं अन्य सजावटी सामान का निर्माण करते हुए अपना रोजगार कर सकते हैं। बांस की खेती से पर्यावरण संतुलित रहता है। साथ ही ऑक्सीजन भरपूर मात्रा में मिलता है। हमारे पूर्वज अपने घर आंगन में बांस लगाते थे। मान्यता है यह शुभ का प्रतीक हैं। नये जीवन, विवाह, अंत्येष्टि जैसे कार्यक्रम भी बांस के बिना अधूरा हैं। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र ने टूल किट वितरण करते हुए उत्पाद के निर्माण बहुतायत मात्रा में करने हेतु जागरूक किया। जिससे कि बांस कारीगरों की आय ज्यादा हो। साथ ही बताया गया कि इसके लिए बांस की खेती करना आवश्यक है। बांस हरा सोना है, जिसका उपयोग बायोडीजल बनाने के लिए भी किया जा रहा है। इसलिए बांस कटिंग के साथ बांस की खेती भी जरूरी है। बांस का प्रयोग फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में भी किया जा रहा है। आज बांस के आचार, मुरब्बा, सब्जी जैसे उत्पाद का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही महाप्रबंधक अपने अंतिम कार्य दिवस पर अपने कारीगर अपने उद्यमियों को समर्पित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

कारीगरों को जिला उद्यमी समन्वयक ने बताया कि कारीगरों का प्रशिक्षण की व्यवस्था मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर विकास बोर्ड के द्वारा की जाती है। ऐसा प्रशिक्षण भी आने वाले समय में कारीगरों को उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे कि कारीगर नये उत्पादों को बना पायेंगे एवं अपने आय को बढ़ा पायेंगे। मौके पर कुल 15 कारीगरों को टूल किट का वितरण किया गया।

मौके पर उद्योग विस्तार पदाधिकारी रघुबर सिंह, जिला उद्यमी समन्वयक सूरज कुमार, प्रधान लिपिक अनिल सिंह, शशिभूषण कुमार साहू उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रधानमंत्री के ट्वीट में पालकोट की महिलाओं की तारीफ से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त, भाजयुमो ने जताया आभार




**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में महिला विकास मंडल के 18वें महाअधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि खूंटी सांसद सह जनजातीय मामले के केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आये थे और महिला समूह के द्वारा लगाए स्टाल, उनके द्वारा किये गए कार्य, उनकी भागीदारी और समाज में जन जागृति की अलख जगाने की बहुत तारीफ की। उसको अर्जुन मुंडा ने ट्वीट कर कहा था कि महिला विकास मंडल के वार्षिक महाधिवेशन में शामिल होने का अवसर मिला। इस महाधिवेशन में लगभग 15 हजार महिलायें शामिल थीं। इस ट्वीट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे बहुत प्रशंसनीय प्रयास बताते हुए पालकोट की महिलाओं के सशक्तिकरण की तारीफ की। इससे पालकोट की महिलाओं में काफी हर्ष है व पालकोट के लिए गर्व का विषय है। इस पर भाजपा युवा मोर्चा पालकोट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है।

### चैनपुर के बरवेनगर में नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के बरवेनगर गांव स्थित नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बरवेनगर सहित आसपास के क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। सुबह सात बजे पहले कलश यात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें गांव की माता-बहनें मंदिर प्रांगण से कलश लेकर शंख नदी पहुंच कलश में जल भरकर पुनः मंदिर प्रांगण पंहुची। जिसके बाद मूर्ति का गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। वहीं आज शाम सात बजे पूरे विधि विधान के साथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। जिसके बाद रात दस बजे से 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू होगा वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बरवेनगर पूजा समिति की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है।

### मालवाहक पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, महिला गंभीर



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवाकी बाबा धाम मंदिर के समीप सोमवार को मालवाहक पिकअप की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार युवक पोढ़हा ग्राम निवासी अनूप कुमार सिंह की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि महिला लक्ष्मी देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से घायल लक्ष्मी देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु लक्ष्मी देवी को गुमला रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर थाना ले गयी। मिली जानकारी के अनुसार अनूप सिंह अपनी भाभी लक्ष्मी देवी को अपने गांव पोढ़हा से मोटरसाइकिल पर लेकर गुमला किसी कार्य से जा रहे थे। इसी बीच घाघरा की ओर से बनारी साप्ताहिक हाट जा रहे मालवाहक पिकअप ने बाबा धाम के समीप सीधी टक्कर मार दी, जिससे अनूप सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि लक्ष्मी देवी गंभीर रूप से घायल हो गयीं। घटना के बाद भाग रहे मालवाहक पिकअप को आदर के समीप ग्रामीणों ने पकड़ा। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा दल बल के साथ आदर पहुंच उक्त पिकअप वाहन को कब्जे में कर थाना लाया।

## स्टेट बैंक में डकैती को लेकर गुमला पुलिस ने किया मॉक ड्रिल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट रोड स्थित स्टेट बैंक गुमला में गुमला पुलिस ने बैंक की सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल का अभ्यास किया। इस क्रम में सर्वप्रथम गुमला पुलिस बैंक में घुसे अपराधियों को पकड़ने के लिए माइक द्वारा घोषणा कर उनको सरेंडर करने की चेतावनी दी। जिसके बाद सुरक्षात्मक तरीके से पुलिस बैंक को चारों ओर से घेर लेने का अभ्यास किया। बैंक को घेर कर पुलिस कर्मी धीरे-धीरे बैंक के अंदर प्रवेश करने लगे और सतर्कता दिखाते हुए अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के तुरंत बाद उनको नकाब पहनाया गया और उनकी गहनता से तलाशी ली गयी। उनको पुलिस गाड़ी में बैठाया गया। जिसके बाद वापस आकर पुलिस ने पूरे बैंक की तलाशी ली और छुपे हुए अपराधियों को ढूंढ ढूंढ कर बाहर निकाला। उनको हथकड़ी लगायी और पुलिस वैन में बैठाकर थाने की ओर ले गयी। पुलिस द्वारा यह मॉक ड्रिल बैंकों की सुरक्षा को लेकर आयोजित किया गया। जिसमें पुलिसकर्मियों को किस प्रकार से बैंक की सुरक्षा करनी है और बैंक में छुपे हुए बदमाशों को अपराधियों को धर पकड़ कर बाहर निकालने के गुर सिखाए गए। इसकी ट्रेनिंग दी गयी। मॉक ड्रिल कार्यक्रम में गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थाना प्रभारी विनोद कुमार सहित काफी संख्या में सशस्त्र बल शामिल थे। वहीं इस मॉक ड्रिल को देखने के लिए बैंक के समीप हजारों लोगों की भीड़ एकत्रित थी।

# कंप्यूटर ऑपरेटर की सेवा वापस करते हुए विरमित करने को लेकर बीडीओ ने उपायुक्त को भेजा पत्र

**आजाद सिपाही की 21 फरवरी के अंक में छपी खबर पर बीडीओ ने की कार्रवाई**



सिसई प्रखंड कार्यालय में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का मामला उजागर

पीड़ित ने बीडीओ को आवेदन देकर फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। सिसी प्रखंड कार्यालय में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बन रहा है। मामले का खुलासा तब हुआ जब कुदरा पंचायत के करकरी गांव

मुझसे जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन फार्म, एफिडेविट और चार

प्रकाश उरांव पीड़ित विन्सेंट को लेकर बीडीओ से मुलाकात कर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** प्रखंड में पदस्थापित निर्वाचन कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवा वापस करते हुए विरमित करने को लेकर बीडीओ सुनीला खलखो ने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त को पत्र भेजा गया है।

इस बाबत बीडीओ द्वारा समर्पित पत्र में कहा गया है कि निर्वाचन ऑपरेटर संतोषी कुमारी का पदस्थापन 26 जुलाई 2022 को प्रखंड कार्यालय में हुआ था। ऑपरेटर के संबंध में मौखिक शिकायत मिल रही थी कि वह बीडीओ कक्ष के सामने आवंटित कक्ष में बैठकर आम लोगों से पैसा देने पर कम समयावधि में जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, वोटर कार्ड, पेंशन आदि के लिए प्रलोभन दिया करती है। शिकायत के उपरांत ऑपरेटर को इस तरह का कार्य न करने की हिदायत दी गई। बावजूद इसके द्वारा ऐसी शिकायत मिलने पर इन्हें मुख्य लिपिकीय कक्ष में टेबल आवंटित किया गया ताकि इस तरह की आगे शिकायत प्राप्त नहीं हो। इसके बावजूद बीते 20 फरवरी 2023 को कुदरा पंचायत के करकरी गांव निवासी भिन्सेंट उरांव द्वारा अपनी बेटी अरुणा लकड़ा के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने की लिखित शिकायत व अरुणा लकड़ा का फर्जी ऑनलाईन जन्म प्रमाण पत्र जिसमें नगर निगम रांची का मोहर व नाम अंकित है शिकायत पत्र के साथ संलग्न किया गया। दोनों पक्षों को बुलाकर पूछने पर शिकायतकर्त्ता द्वारा संतोषी कुमारी की पहचान करते हुए बताया गया कि इनके द्वारा चार सौ रुपये लेकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मुझे उपलब्ध कराया गया है। प्राप्त शिकायत के संबंध में थाना प्रभारी सिसई को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित वेबसाइट व आईपी एड्रेस की जांच हेतु कार्यालय से निर्देशित किया गया है। बीडीओ ने प्रखंड कार्यालय की छवि धूमिल होने की बात कहते हुए निर्वाचन ऑपरेटर संतोषी कुमारी की सेवा को जिला निर्वाचन कार्यालय को वापस करते हुए प्रखंड कार्यालय से विरमित कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि भिन्सेंट उरांव के द्वारा अपनी बेटी अरुणा लकड़ा की फर्जी तरीके से बने जन्म प्रमाण पत्र की खबर को आजाद सिपाही ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

## झानद की महापंचायत 28 को, तैयारी पूरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा 28 फरवरी को झारखंड सरकार का बजट सत्र के दौरान होनेवाली महापंचायत कार्यक्रम की तैयारी गुमला जिला में पूरी कर ली गई है। जिले से सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे। विदित हो कि झारखंड को बचाने व राज्य हित के मुद्दों को लेकर रांची के राजभवन के समक्ष होने वाले कार्यक्रम में गुमला जिला को रेल लाइन से जोड़ने, गुमला-लोहरदगा के सीमांत पर एल्युमिनियम कारखाना का निर्माण, महिला उत्पीड़न पर रोक तथा रोजगार इत्यादि मुद्दों को भी जोरदार ढंग से उठाया जाएगा।

**उपलब्धि :** हजारों कार्यकर्ताओं के प्रयास का फल है यह अचीवमेंट : भूषण भगत

# नयी दिल्ली में 'मिशन बदलाव' को मिला ईमका अवार्ड

**झारखंड के ग्रामीण इलाकों में काम कर रही सामाजिक संस्था मिशन बदलाव**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** मिशन बदलाव टीम को समाज में बदलाव के लिए किये जा रहे निरंतर गंभीर प्रयासों के लिए लोक सेवा के क्षेत्र में इफको ईमका अवार्ड से सम्मानित किया गया है। रविवार 26 फरवरी को नयी दिल्ली के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्यूनिकेशन (आईआईएमसी) में यह पुरस्कार मिशन बदलाव टीम के मुख्य संयोजक भूषण भगत, पंकज चंद्र गोस्वामी और अभिनव ने प्राप्त किया।

**हजारों कार्यकर्ताओं के प्रयास का फल है यह अचीवमेंट :** इस अवसर पर भूषण भगत ने कहा कि यह मिशन बदलाव टीम के हजारों कार्यकर्ताओं का प्रयास है कि हमारे काम को सराहा जा रहा है। हम आनेवाले समय में और अधिक जिम्मेदारी के साथ झारखंड के ग्रामीण इलाकों में लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

वहीं पंकज चंद्र गोस्वामी ने कहा कि, बीते चार सालों से हम झारखंड के गुमला, सिमडेगा, चाईबासा, लातेहार जिलों के ग्रामीण इलाकों में काम कर रहे हैं। हम आम लोगों तक हर दिन पहुंच रहे हैं। उनकी समस्याओं को जिला प्रशासन, डॉक्टर व आम लोगों की मदद से सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। उम्मीद है इस अभियान को और तेजी मिलेगी।

**क्या काम करती है मिशन बदलाव संस्था :** भूषण भगत के मुताबिक मिशन बदलाव गांव के लोगों के अंदर राजनैतिक चेतना जगाती है। उन्हें पंचायती राज व्यवस्था के बारे में ट्रेनिंग देती है। हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में इस टीम के 50 से अधिक मेंबर विभिन्न पंचायतों में विभिन्न पदों पर चुनकर आये हैं। सूचना का अधिकार इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण देती है। इसके अलावा जब टीम गांवों का दौरा करती है, उस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को इकट्ठा करती है और फिर स्थानीय प्रशासन की मदद से उसे सुलझाती है। उन्होंने यह भी बताया कि टीम में गांव के लोगों के अलावा कई डॉक्टर, इंजीनियर, नेवी, समाजिक कार्यकर्ताओं, विभिन्न सरकारी, अर्धसरकारी, निजी सेवा में कार्यरत, स्वयं सेवा से प्रेरित और आर्मी से रिटायर हुए लोग, कई सरकारी सेवाओं में काम कर रहे लोग शामिल हैं। विगत कई वर्षों से मिशन बदलाव टीम सक्रियता से झारखंड में आम लोगों के हित हक और अधिकारों के लिए काम कर रही है।

# यज्ञ से आध्यात्मिक ऊर्जा का होता है संचार: विनोद



जल यात्रा अनुष्ठान में शामिल गणमान्य लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के खड़गड़ा गांव में नर्मदेश्वर शिव प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर भव्य जल यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान देवी देवताओं के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। कल यात्रा विभिन्न क्षेत्र क्षेत्रों से होकर गुजरा। कलश यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता लिनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह समेत काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। विनोद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भक्ति भाव से मन और तन दोनों को शांति मिलती है। द्वेश का नाश होता है। इस तरह के यज्ञ के आयोजन से पूरे क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है और क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है।

वहीं, भाजपा नेता रविंद्र सिंह ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि के साथ-साथ पूरे विश्व का कल्याण होता है। लोगों को इस तरह के आयोजनों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस दौरान कलश यात्रा में प्रेमतोष कुमार सिंह, भूपेन्द्र सिंह, नरेंद्र सिंह, ओम सिंह, उदय विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### हादसा : मरने वालों में डीलर संघ के अध्यक्ष भी शामिल

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो लोगों की हुई मौत, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सोमवार को दो लोगों की मौत और एक अन्य के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। मरने वालों में हुसैनाबाद डीलर संघ के अध्यक्ष भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक पहली घटना जपला-छतरपुर मुख्य पथ गम्हरिया गांव के समीप हुई। जहां दो टेंपो की आमने सामने की टक्कर में मनेंद्र रजवार (30) की मौत हो गई। वह टेंपो में सवार था। वह हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सहिआरा गांव का रहने वाला था। स्थानिय ग्रामीणों की सहयोग से उसे तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। दूसरी घटना जपला दंगवार मुख्य पथ के बड़ेपुर गांव के समीप हुई। जहां हाइवा की चपेट में आने से कृष्णा नगर निवासी व जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ के अध्यक्ष लखनदेव सिंह व हैदरनगर थाना क्षेत्र बिलासपुर गांव निवासी कुलशेखर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। वहीं दोनों घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया, प्राथमिकी उपचार के बाद चिकित्सकों ने लखनदेव सिंह की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हाइवा व टेपों जब्त कर लिया है।

## ट्रक और चेचिस की टक्कर में चालक घायल



**सतबरवा (आजाद सिपाही)।** दुबियाखांड आजाद घाट मोड़ पर सोमवार को ट्रक और ट्रक चेचिस में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। घटना लगभग 2.30 बजे की है। जानकारी के अनुसार रांची से मेदिनीनगर जा रहे ट्रक चेचिस में मेदिनीनगर की ओर से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। घटनास्थल पर तीखा मोड़ होने के कारण हमेशा वहां दुर्घटना होते रहती है। इतना जबरदस्त एक्सीडेंट होने के बावजूद भी चालक को हल्की चोटें आई है। ट्रक का अगला दोनों चक्का अलग हो गया है। सूचना मिलने पर सतबरवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच वाहन को वाहर निकाली।

# रामजन्मोत्सव मनाने का निर्णय



**पांडू श्रीरामनवमी पूजा महासमिति की बैठक में कमेटी का हुआ पुनर्गठन, झांकी और झंडामिलन पर भी हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** श्रीराम नवमी पूजा महासमिति पांडू-विश्रामपुर पूर्वी क्षेत्र की बैठक श्रीराम जानकी विवाह मंडप के सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता महासमिति के संस्थापक अध्यक्ष वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव और संचालन महासमिति के सचिव जवाहर पासवान ने की। बैठक में पाण्डू-विश्रामपुर पूर्वी क्षेत्र के रातनाग, गोलपा, बेलहरा, कुलिया, गुआसरसई, रबरा, रबरी, ठेकहि, अमरवादामर, निमिहा, नौखीलिया, घाटतर, हिसड़ा, ओबरा, चुना गौरेया, महुआधाम, घासीदाग, झांटीनाथ, राजखाड़, कजरु कला समेत लगभग 30 गांव के पूजा समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में श्री रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वावधान में 15वां अधिवेशन को और भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस बार भी सांस्कृतिक कार्यक्रम दोगोला कराने का निर्णय पर आम सहमति बनी। दोगोला गायन कार्यक्रम में भोजपुरी के चर्चित कलाकारों को बुलाने का निर्णय लिया गया। हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 22 मार्च को 24 घंटे का अखंड कीर्तन करने का निर्णय लिया गया। वहीं चैत्र शुक्ल पक्ष दसमी तिथि 31 मार्च को श्रीसीता रामनगर मेन रोड कजरु कला के ऐतिहासिक मैदान में पांडू विश्रामपुर पूर्वी क्षेत्र के 30 गांवों से महावीरी झंडों का मिलान और झांकियों का प्रदर्शन और रात में दोगोला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के व्यास निर्मला यादव और बिहार के मगध सम्राट व्यास सुदर्शन यादव के बीच गायन मुकाबला होगा। इस मौके पर विनोद पासवान, बिहारी बैठा, सतीश पासवान, अजय राम, कृष्ण कुमार निराला, हरिवंश सिंह, मुन्ना ठाकुर, अरुण पासवान, अमित कुमार सिंह, भगवान साव, नरेश चौधरी, शिवनाथ गुप्ता, शंकर सिंह, सत्यनारायण सिंह, मनोज राम, कन्हैया यादव, नारद पाल, बबलू पाल, शिवपूजन यादव, सुरेंद्र साहनी, धनंजय गुप्ता, सत्येंद्र बारी, अनिल शुक्ला, सत्यनारायण विश्वकर्मा, रविंद्र राम, भुखन राम, महेंद्र भुइयां, मथुरा भुइया, महावीर पाल, शैलेश चंद्रवंशी, कृष्ण चंद्रवंशी, इंदल तिवारी, राजेश्वर साहू, सुदामा पासवान, विष्णुकांत गिरी, हरेंद्र पासवान, मुखलाल बैठा शामिल थे। सत्यनारायण सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के बैठक समापन की घोषणा की गई।

# विश्रामपुर नप मुख्यालय में बनेगा भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यालय भवन, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने दी जमीन

**भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया भूमि पूजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नप मुख्यालय के सोरडिहा में भाजपा का विधानसभा स्तरीय पार्टी कार्यालय का भवन बनेगा। भवन निर्माण के लिए पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने भूमि उपलब्ध करायी है। रविवार को पार्टी कार्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में विधानसभा स्तर का यह पहला पार्टी कार्यालय होगा। जिसमें विस स्तरीय पार्टी के नेता कार्यकर्ता बैठकर विचार विमर्श कर सकेंगे। विधायक के जिला प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने बताया कि पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी का सपना था कि कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी कार्यालय का अपना एक भवन हो जिसे ईश्वर सागर चंद्रवंशी मूर्त रूप देने में जुट गए हैं। जल्द ही पार्टी कार्यालय का भवन बनकर तैयार हो जायेगा। मौके पर गांधी विचार मंच के अध्यक्ष सह भाजपा नेता रविंद्र नाथ उपाध्याय, इदरीश हवारी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, शिवबंश मिश्रा, संजय ठाकुर, नंददेव यादव, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, नंददेव यादव, किरण देवी, मनीष कुमार, संतोष राम, उपेंद्र तिवारी, अमरेश राम, प्रभुषण चंद्रवंशी, उखमजी यादव, शंकर चंद्रवंशी, अर्चना देवी, बेबी देवी, रामप्रवेश मैर्या, संजय प्रसाद साह, रामानंद तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, महेंद्र राम, मनोज यादव, गिरधारी साव, इसरार हवारी, विजय कुमार, मुकेश चौधरी सहित कई भाजपा नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आशीर्वाद कंस्ट्रक्शन टीम ने मंदया को 1-0 और सिद्धार्थ कंपनी की टीम ने घरटिया को 6-1 से हराया

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 का फाईनल मुकाबला खेला गया। जिसका आयोजन युवा फुटबाल क्लब की ओर से किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ ताहिर हुसैन के अलावा बीस सूत्री के अध्यक्ष गोपाल सिंह, राजन सिंह, युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य मो मुस्ताक अहमद, तिलक सिंह, चिंटू सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी शेखर कुमार, आसिफ इकबाल, अरुण ठाकुर, बीरेंद्र पासवान, डॉ सुनील वर्मा, सुमन गुप्ता, समाजसेवी मोहन कुमार, शिक्षक जयप्रकाश, मुखनारायण सिंह, बरुण सिंह आदि उपस्थित थे। समाजसेवी राजेंद्र सिंह ने कहा कि खेल से सामाजिक एकता मजबूत होती है। वहीं डॉ ताहिर ने कहा कि टूनामेंट का आयोजन सराहनीय है। बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि फुटबॉल छतरपुर के इलाके का एक प्रमुख खेल है जो युवाओं को प्रेरित करता है। युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता ने कहा कि खेल से युवाओं में जागरूकता आती है और समाज भी विकसित बनता है। बतातें चलें कि पिछले करोना काल के समय फुटबॉल मैच का जो फाइनल मुकाबला नहीं हो पाया था वही फाइनल मैच टूनामेंट के फाइनल मैच से पहले खेला गया जिसमें सिद्धार्था कंस्ट्रक्शन की टीम ने घरठिया टीम को 6-1 से पराजित किया इसके बाद 2023 फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मुकाबले में आशीर्वाद कंट्रक्शन की टीम ने मंदया टीम को 1-0 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।

# ग्रामीणों के विश्वास पर खरा उतरने का हमेशा करूंगा प्रयास: राजू मेहता

**जिप सदस्य राजू मेहता के प्रयास से सोनपुरवा में लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में हर्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड क्षेत्र के देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा बीघा गांव में उतरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता के प्रयास से 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पुराना ट्रांसफार्मर 63 केवीए का था, जो लोड शेडिंग के कारण बार-बार खराब हो जा रहा था। इससे गांव में विद्युत आपूर्ति ठप थी। इसे लेकर ग्रामीणों ने जिप सदस्य राजू मेहता को अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों से पत्राचार व वार्ता कर गांव में ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। वहीं नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी है। ग्रामीणों ने राजू मेहता को धन्यवाद दिया। इस पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस आशा और विश्वास से हमे प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है। उनके विश्वास पर खरा उतरने का हमेशा प्रयास करूंगा। इस मौके पर श्याम किशोर चौधरी, संदीप चौधरी, मुन्ना चौधरी, रामसुंदर चौधरी, रामाशीष चौधरी, जितेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

# बिहार ले जाने की कोशिश कर रहे 36 केन बियर समेत जपला आरपीएफ ने दो को दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला रेलवे स्टेशन परिसर में आरपीएफ ने 36 केन बियर के साथ दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए उप-निरीक्षक निशांत कुमार के साथ ऑन ड्यूटी सहायक उप निरीक्षक नील रतन सिंह व प्रधान आरक्षी बिरेन्द्र प्रसाद सिंह की ओर से की जा रही गस्त के दौरान जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 02/03 पर अवस्थित निर्मला कुमारी स्टाल के पास दो व्यक्तियों को दो भारी पीठु बैग के साथ पाया गया। जो जवानों को गस्त पर देखकर संदेहास्पद गतिविधि करने लगा। इसके बाद आरपीएफ जवानों ने दोनों को रोककर उनके पास मौजूद पीठू बैगों की जांच की तो उसमें 36 केन बीयर बरामद हुआ। इसके बाद दोनों को दोनों को हिरासत में ले लिया गया। उनकी पहचान अक्षय कुमार (18) और बिट्टू कुमार (20) के रूप में हुई है। दोनों बिहार के रोहतास जिले के डेहरी थाना क्षेत्र स्थित डेहरी गांव के रहने वाले हैं। आरपीएफ के उप-निरीक्षक निशांत ने बताया कि जब्त केन बियर की अनुमानित कीमत 5040 रुपये है।



पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देते आरपीएफ पुलिस के पदाधिकारी।




### पर्यावरणविद एवं सचिव ने तमिलनाडु के कई जिलों में किया पौधरोपण, बांधा वृक्षों पर रक्षासूत्र

# पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट को अपनाने से ही रुकेगी प्राकृतिक आपदाओं की तबाही: कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** तमिलनाडु के चेन्नई सर्किट हाउस, काजीपुरम जिला के राजीव भेजेंनडी मेमोरियल पैलेस, श्रीपेरमबदुर और महाबलीपुरम जिले के सीसोरी टेंपल प्रांगण में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, बीपीएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार और प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल, तमिलनाडु के नवमनोनित प्रदेश अध्यक्ष सोंडी विगरम एवं सचिव सनी कच्छ के साथ पौधा रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष और सचिव को राखी का माला पहना कर स्वागत किया। वहीं उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम के उपरांत स्टेट बैंक के मैनेजर कृष्णा प्रसाद ने पर्यावरण धर्मगुरु व सचिव को सम्मानित किया।

वनराखी मूवमेंट के प्राणेता कौशल ने कहा कि अनर्थ से होने वाली तबाही को रोकने के लिए दुनिया के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म और वनराखी मूवमेंट को अपने जीवन में उतारना होगा, क्योंकि इसके सिवाय दूसरा कोई विकल्प नहीं है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि उनके द्वारा चलाए गए निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपन के 56 वर्ष और पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के 46वां वर्ष पूरा होने के उपरांत पिछले वर्ष नेपाल, भूटान समेत देश के 10 राज्यों में दो लाख पौधों का वितरण सह रोपण के साथ वृक्षों पर रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया था। जिसका शुभारंभ माह जुलाई में पलामू प्रमंडलीय आयुक्त ने छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर से निशुल्क पौधा वितरण शिविर एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया था। झारखंड, बिहार, बंगाल, यूपी व छत्तीसगढ़ आदि जगहों पर कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं।









## महत्वपूर्ण न्यूज

### फूड लाइसेंस के लिए अनुमंडल मुख्यालय में लगी भीड़



तेनुघाट (आजाद सिपाही)। बेरमो अनुमंडल मुख्यालय में फूड रजिस्ट्रेशन और लाइशेंस आवंटित करने के लिए फूड पदाधिकारी श्वेता अमृता लकड़ा के चेंबर में शिविर लगाया गया है। जिसमें ठेला व खोमचेवाले, साधारण फुटपाथ दुकानदारों के अलावा जिनका सालाना 12 लाख से अधिक या कम का टर्न ओवर है वे सभी पंक्तिब्ध होकर लाइशेन्स व रजिस्ट्रेशन करवाने में लगे है। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार ने बताया कि सभी छोटे-बड़े दुकानदारों को रजिस्ट्रेशन करना जरूरी है। जो लोग लाइसेंस नहीं बनाते है और जांच में पकड़े जायेंगे तो जुर्माना के साथ ही छह महीने की जेल भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि ये कार्य ऑन लाईन भी हो रहा है जो इस कैंप में नहीं आ सकते है वे ऑन लाईन भी अप्लाई कर सकते है।

### बाघमारा पुलिस ने ट्रैफिक व साइबर क्राइम को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक



बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। बाघमारा पुलिस ने सोमवार को ट्रैफिक नियमों व साइबर क्राइम को लेकर एसएस प्लस 2 उच्च विद्यालय एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय (बालक) बाघमारा में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया। तोपचांची इंस्पेक्टर जयराम प्रसाद ने ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि बिना हेलमेट घर के किसी भी सदस्य को बाइक चलाने नहीं दे। नाबालिक बच्चों को तो कभी भी बाइक नहीं चलाना चाहिए। थाना प्रभारी सुबेदार कुमार यादव ने साइबर अपराध की जानकारी देते हुए बताया कि किसी लालच में आकर अपना बैंक एकाउंट एवं ओटीपी शेयर ना करे। छात्राएं विद्यालय आते-जाते समय अगर किसी तरह की परेशानी या किसी द्वारा परेशान किया जा रहा है तो इसकी सूचना पुलिस या अपने माता पिता को जरूर दें। नहीं बताने की गलती भूलकर भी ना करें। आपके द्वारा पुलिस या माता पिता को जानकारी देने से वैसी सोच-विचार रखने वाले व्यक्ती को आगे अपराध करने से रोका जा सकता है। इस मौके प्रिंसिपल सुशांत पाण्डेय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक मानिक कुमार, सांसद प्रतिनिधि विजय शर्मा, प्रखंड शिक्षा प्रतिनिधि चंदन मिश्रा आदि थे।

#### होली और शब-ए-बरात को लेकर चिरकुंडा थाने में शांति समिति की बैठक

# नशेड़ियों और हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर : सुनील सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** होली और शब-ए-बरात को लेकर चिरकुंडा थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक हुई। साथ ही होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार ने किया। बैठक में नशेड़ियों और हुड़दंगईयों पर नकेल कसने को लेकर रणनीति भी बनाई गई है, ताकि होली और शब-ए-बारात त्योहार के दौरान कोई उपद्रव मचाकर शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश ना कर सके। वहीं अश्लील गानों पर रोक लगाने की भी बात कही गई। थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि होली के दिन हुड़दंगियों पर काबू पाने के लिए विशेष रूप से पुलिस बल की तैनात रहेगी। मनचलों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। वहीं सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी पुलिस नजर रखेगी। पुलिस इसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करेगी। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी विसम परिस्थिति में आम जनता सीधे पुलिस पदाधिकारी को मोबाइल नंबर 9431706403 पर सूचित करें। पुलिस तत्काल आपकी हर संभव मदद करेगी। बैठक का संचालन जगन्नाथ गोस्वामी ने किया गया। इस मौके पर चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, पूर्व अध्यक्ष मुरली तुरी, वरुण डे, पवन अग्रवाल, सुनीता सिंह, फिरोज अंसारी, कृष्णा सिंह, नीले गडियान आदि उपस्थित थे।



शांति समिति की बैठक में मौजूद पुलिस व क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग।

## जेल में बंद जनप्रतिनिधि को सदन की बैठक में भाग लेने पर लगे रोक: विजय

आजाद सिपाही संवाददाता



**बाघमारा/कतरास।** सजायाफ्ता-आपराधिक मामले में जेल में बंद जनप्रतिनिधि को किसी सदन की बैठक में भाग लेने पर रोक लगनी चाहिए। इस संबंध में समाजसेवी विजय कुमार झा ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को आवेदन देकर एक कानून लाने का अनुरोध किया है। उन्होंने आवेदन देते हुए कहा कि देश के विभिन्न जेलों में कई ऐसे जनप्रतिनिधि भी बंद है जिन्हें आपराधिक मामले में न्यायालय द्वारा सजा दी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त भी कई अन्य आपराधिक मामले में जेल अभिरक्षा में है। पर अक्सर ऐसा देखा जाता है कि किसी सदन के सत्र चालू होने पर वो न्यायालय से अनुमति लेकर चल रहे सत्र में भाग लेते है। कहा कि राजनीति एक सभ्य, संस्कारित लोगों द्वारा अपनी सेवा को समाज के लिए विस्तार करने का माध्यम है। पर कुछ लोगों ने इसे अपने धन कमाने, असीमित शक्ति अर्जित करने और अपने आर्थिक अपराध को ढकने का माध्यम बना लिया है। कभी-कभी ऐसे लोग कानून की पकड़ में आ भी जाते है और न्यायालय द्वारा उन्हें सजा भी दी जाती है। एडीआर की हालिया रिपोर्ट शर्मसार करने वाली है, जिसमें जानकारी दी गई है कि 51 फीसदी दागी-अपराधी सदन के सदस्य बने बैठे है। राजनीति को अपराधमुक्त करने का संकल्प पूरा करने के लिए अविलंब एक केंद्रीय कानून की आवश्यकता है। राजनीति की पवित्रता और राजनीतिज्ञो के प्रति सम्मान बना रहे इसके लिए एक ऐसे केंद्रीय कानून की अति आवश्यकता है जिससे कि आम आदमी का राजनीति और राजनीतिज्ञो के प्रति सम्मान बढे और राजनीति का क्षेत्र आम आदमी के मन में पवित्रता का भाव भर सके।

## देश में तानाशाही व नकारात्मक राजनीति हावी: संतोष सिंह

**चासनाला में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झरिया प्रखंड कांग्रेस के तत्वावधान में चासनाला बस्ती बुथ संख्या-246 सहित क्षेत्र के विभिन्न बूथों तक सोमवार को हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें धनबाद जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को लेकर धनबाद जिले के सभी विधानसभा के प्रखंड, नगर,वार्ड एवं पंचायतों में क्रमवार कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। केंद्र सरकार महंगाई और बेरोजगारी पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल रही है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस एवं खाद्य सामग्रियों के दामों में बेहताशा वृद्धि से लोग बेहद परेशान हैं। देश में तानाशाही एवं नकारात्मक की राजनीति चल रही है। जनता से जुड़े असली एवं ज्वलंत मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। पर कांग्रेस देश में हिंसा बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस का उद्देश्य देश में प्रेम भाईचारा सद्भावना कायम करना है। कांग्रेस देश की ज्वलंत विषय वस्तु के साथ-साथ केंद्र सरकार की विफलताओं को लोगों तक ले जाने का काम करेगी।



## बीओआइ की कपूरिया शाखा में स्टार सखी योजना के तहत ऋण वितरित

**धनबाद (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया (बीओआइ) के कपूरिया शाखा में सोमवार को आंचलिक प्रबंधक समीर चट्टोपाध्याय की ओर से स्वयं सहायता समुह के पांच सदस्यों को स्टार सखी योजना के तहत ऋण प्रदान किया गया। आंचलिक प्रबंधक ने कहा कि जो स्वयं सहायता समूह के सदस्य अपना व्यवसाय करते है या करना चाहते हैं वैसे महिलाओं को बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 10 लाख रुपये तक मुद्रा या स्टार सखी स्कीम के अंतर्गत ऋण प्रदान किया जाएगा। आगामी 14 मार्च से 17 मार्च को स्टार सखी योजना के अंतर्गत मेगा ऋण वितरण दिवस का आयोजन किया जाएगा जिसमें कम से कम 2500 सदस्यों को इस योजना के अंतर्गत ऋण देने का लक्ष्य रखा गया हैं।**

### रेल मंत्रालय को पत्र देकर निचीतपुर को स्टेशन का दर्जा दिये जाने की मांग



बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम रेल मंत्रालय को पत्र सौंपकर निचीतपुर को रेलवे स्टेशन का दर्जा देने की मांग की है। पत्र द्वारा दीप नारायण सिंह ने रेल मंत्री से कहा कि पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल अंतर्गत धनबाद-गोमो रेलखंड में निचीतपुर बीएच अवस्थित है। यहां से प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में लोग रेल के माध्यम से आवागमन करते हैं। निचीतपुर को स्टेशन का दर्जा मिलने से अगल-बगल क्षेत्र के कई पंचायतों के लोगों को सुविधा के साथ-साथ रेल विभाग को भी राजस्व लाभ होगा। जन भावनाओं को देखते हुए जल्द निचीतपुर को स्टेशन का दर्जा दिया जाए।

## एक-दो दिनों में बकाया अनाज आवंटित नहीं हुआ, तो करेंगे आंदोलन: लक्ष्मी देवी

**डुमरा दक्षिण पंचायत में राशन कार्डधारियों की बैठक, डीलर पर लगाए गंभीर आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बाघमारा प्रखंड के डुमरा दक्षिण पंचायत में सोमवार को राशन कार्डधारियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता उपमुखिया लक्ष्मी देवी ने की। जिसमें निःशुल्क शिक्षा केंद्र, संपूर्ण जनजागृति ऑर्गनाइजेशन में हुई। बैठक में राशन कार्डधारियों ने कहा कि पीडीएस दुकानदार अनाज वितरण नियमित रूप से नहीं कर रहा है। लगातार चार माह से पीडीएस डीलर बिनोद कुमार दास ने अनाज नहीं दिया है। लाभुक विक्की साव ने कहा कि इसकी जानकारी लगभग एक वर्ष पूर्व बाघमारा बीडीओ को दिए थे, लेकिन अब तक पीडीएस संचालक नियमित रूप से अनाज वितरण नहीं कर रहा है। जबकि प्रत्येक महीना अन्य पंचायत के कार्डधारक नियमित रूप से अनाज का उठाव कर रहे है। इसके अलावा कोविड वैश्विक महामारी के दौरान का भी 12 से 13 माह का अनाज पीडीएस डीलर बिनोद कुमार दास के पास बकाया है। बैठक में ग्राम स्वराज अभियान के जगत महतो ने कहा कि गरीबों का अनाज जब लाभुक परिवार प्राप्त नहीं किए तो अनाज कहां गायब हो गया। डुमरा दक्षिण में खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 से पात्रता युक्त परिवार अनाज से वंचित है। अधिकारी अनाज वितरण का ब्योरा छिपा रहे हैं। इन गरीबों के पास आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं है। ग्राम स्वराज अभियान गरीबों को उनका अधिकार दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करेगा। वहीं, स्वराज अभियान के कार्यकारी अध्यक्ष विकास महतो ने कहा कि गरीबों को अपना अधिकार लेने के लिए आगे आना चाहिए। उप मुखिया लक्ष्मी देवी ने कहा कि इन अनाज से वंचित परिवार की बात बीडीओ से मिलाकर करेंगीं। अगर एक-दो दिनों में गरीबों का बकाया अनाज नहीं मिलेगा तो आंदोलन शुरू करेंगें। इस मौके पर संपूर्ण जनजागृति संस्था के अध्यक्ष प्रेम कुमार, सचिव सिंटू साव, रमेश कुमार, विक्की साव, नितेश कुमार, रमेश रजवार, कुंती देवी, बेबी देवी, रिंकी देवी, खुशबू देवी, पनवा देवी, उर्मिला देवी, सुशीला देवी, गुड़िया देवी, सावित्री देवी, पगली देवी, संजू देवी, आशा देवी, लखी देवी, ममता देवी, सुशीला देवी, सरिता देवी, बिलखी देवी, आलोमोनी देवी, सरस्वती देवी, गीता देवी, प्रियंका कुमारी आदि थीं।




### रोजगार को लेकर स्थानीय युवाओं ने किया बस्ताकोला लोडिंग प्वाइंट पर प्रदर्शन



धनसार (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल बस्ताकोला परियोजना के लोडिंग पॉइंट में सोमवार को कांग्रेस सह इंटक नेता गौतम पासवान के नेतृत्व में स्थानीय बेरोजगार युवाओं ने रोजगार देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। गौतम पासवान ने कहा कि परियोजना के आसपास रहने वाले बेरोजगार असंगठित मजदूर डीओ ट्रक लोडिंग में रोजगार के लिए कई महीनों से इंतजार में हैं लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा टालमटोल की नीति अपनाई जा रही है। जबकि कई दबंग लोग ट्रक लोडिंग के काम में रंगदारी लेने के साजिश में लगे हुए हैं। परियोजना प्रभावित लोगों को अब तक कोई लाभ नहीं मिला है। दबंग लोग परियोजना से होने वाले कोयला ट्रांसपोर्ट कंपनी से स्थानीय बेरोजगारों के नाम पर मोटी रकम वसूल कर रहे हैं। अब इनकी नजर डीओ ट्रक लोडिंग में स्थानीय बेरोजगारों की आड़ में रंगदारी वसूल करने पर लगी है। पर कांग्रेसी उनके मंसूबे को कभी कामयाब होने नहीं देगें। शीघ्र डीओ ट्रक लोडिंग का काम शुरू नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई- संख्या- DOPR/DE/ZP/Palamu 05/2022-23

1 विज्ञापन दाता का नाम :- जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2 Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- दिनांक :- 10.03.2023
3 ई-निविदा प्राप्त करने की तिथि :- दिनांक 18.03.2023 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
4 परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा), अग्रधन की राशि शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये दस्तावेज की स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करने की तिथि/स्थान। :- दिनांक 21.03.2023 (अपराह्न 3:00 बजे तक) जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
5 निविदा खुलने की तिथि :- दिनांक 22.03.2023
6 निविदा खोलने का स्थान :- नये समाहरणालय (BLOCK- C) स्थित डी0आर0डी0ए0, सभाकक्ष
7 कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पाँकी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, तेतराई का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 01/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 2 | सतबरवा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, एकता का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 02/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 3 | हैदरनगर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पतरीया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 03/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 4 | हुसैनाबाद | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पोलडीह का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 04/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 5 | मनातू | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, चक का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 05/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 6 | मनातू | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, परसिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 06/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 7 | सदर मेदिनीनगर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सिंगरा कला का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 07/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 8 | पीपरा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बरवाडीह का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 08/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 9 | चैनपुर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, हरिनामाड़ का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 09/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |
| 10 | छतरपुर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पिण्डराही का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 10/2022-23 DOPR/DE/ZP/PALAMU |

नोट-
1. केवल ई-निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगा।
3. जिला परिषद, पलामू में दितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचला पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/-
जिला अभियंता
जिला परिषद, पलामू

PR 291321 District (22-23)_D


#### मायुमो ने मनाया शहीद चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस

# क्रांतिकारी आजाद की जीवनी युवाओं के लिए प्रेरणा : पवन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने सोमवार को धनबाद के बेकारबांध चौक स्थित क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहादत दिवस मनाया। मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजली दी। मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर आजाद का जीवन काल संघर्ष गाथा से भरा है। वे एक भारतीय क्रांतिकारी थे। जिन्होंने हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के संस्थापक राम प्रसाद बिस्मिल और तीन मुख्य नेता रोशन सिंह, राजेंद्र नाथ लाहरी और अशफकुला खान के मौत के बाद नये नाम हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का पुनर्गठन किया। इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क मे 27 फरवरी 1931 को ब्रिटिश पुलिस ने घेर लिया। तब आजाद ने अपनी बहादुरी से कई पुलिस कर्मी को मार गिराया। लंबे समय तक गोलीबारी के बाद आजाद नहीं चाहते थे कि वे अंग्रेजों के हाथ लगे। इसी कारण बंदूक की आखिरी गोली से खुद को ही मार दी। आजाद का वह पिस्तौल हमें आज भी इलाहाबाद के म्यूजियम में देखने को मिलती है। इस मौके पर मायुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कौशल, कृष्ण कुमार उर्फ लल्ला, हेमलाल महतो, बादल राम, सुमित बाल्मीकि, सपन कुमार, औरधेंदु दत्ता, अर्जुन बाल्मीकि, शंकर महतो और राजू बाउरी आदि उपस्थित थे।



चंद्रशेखर आजाद की प्रतिना पर माल्यार्पण करते मायूमो कार्यकर्ता।

### दामोदर वैली वास्तुहार संग्राम समिति के बैनर तले सैकड़ों विस्थापितों ने किया प्रदर्शन



चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत दामोदर वैली वास्तुहार संग्राम समिति के बैनर तले सैकड़ों महिला-पुरुष विस्थापितों ने क्षेत्र संख्या छह स्थित डीवीसी के मिश्रित भवन के समक्ष में सोमवार को शांतिपूर्ण तरीके से अनिश्चितकालीन धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया। इसकी अगुवाई समिति के अध्यक्ष वासुदेव महतो ने की। सैकड़ों महिला-पुरुष कालीपहाड़ी चौक पर एकत्रित हो वहां से सुकेश मुखर्जी एवं बासुदेव महतों के नेतृत्व में डीवीसी प्रबंधन विरोधी नारेबाजी करते हुए ढ़ोल नगाड़े के साथ जुलूस की शक्ल में क्षेत्र संख्या छह स्थित मिश्रित भवन पहुंचे थे। जहां पहले से प्रतिनियुक्त मैथन पुलिस, सीआइएसएफ और होमगार्ड जवान ने सभी को आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद सभी वहीं धरने पर बैठ गए।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल,गिरिडीह**

प्रपत्र संख्या-01

**पुर्न अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-08/F2/2022-23/GRD/M.I.Division,Giridih दिनांक-27.02.2023

प्रमण्डल का नामः- लघु सिंचाई प्रमण्डल, गिरिडीह

विज्ञापनदाता का नाम एवं पताः- कार्यपालक अभियन्ता लघु सिंचाई प्रमण्डल,गिरिडीह

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | वेबसाइट में ई-निविदा प्रकाशन की तिथि | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता | ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का संपर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन (Rurban) योजनान्तर्गत पाण्डेयडीह पंचायत के विभिन्न स्थानों पर दो अदद् उदवह सिंचाई योजना का निर्माण (Group – 3) | गिरिडीह | 18,60,000.00 | 37,500.00 | 5,000.00 | 28.02.2023 | 06.03.2023 | 10.03.2023 | 45 दिन | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गिरिडीह | 7004373197 10:00 AM TO 05:00 PM |
| 2 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन (Rurban) योजनान्तर्गत परसाटांड एवं मगरोडीह पंचायत के विभिन्न स्थानों पर दो अदद् उदवह सिंचाई योजना का निर्माण (Group – 4) | गिरिडीह | 18,60,000.00 | 37,500.00 | 5,000.00 | 28.02.2023 | 06.03.2023 | 10.03.2023 | 45 दिन | | |
| 3 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन (Rurban) योजनान्तर्गत परसाटांड एवं मगरोडीह पंचायत के विभिन्न स्थानों पर दो अदद् उदवह सिंचाई योजना का निर्माण (Group – 5) | गिरिडीह | 18,60,000.00 | 37,500.00 | 5,000.00 | 28.02.2023 | 06.03.2023 | 10.03.2023 | 45 दिन | | |

नोटः- 1. केवल ई-निविदा स्वीकार किया जायेगा। 2. प्राक्कलित राशि घट/बढ सकती है। 3. सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन परिपत्र, अधिसूचना निविदा में लागू रहेंगे। 4. **परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राभि आदि कागजात प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की तिथि 28.02.2023 के अपराह्न 14.00 बजे से 09.03.2023 के अपराह्न 05.00 बजे तक**। 5. विस्तृत जानकारी के लिए वेवसाई https:WWW.Jharkhandtenders.gov.in पर लॉगईन किया जा सकता है।

ह0-/ कार्यपालक अभियन्ता
लघु सिंचाई प्रमण्डल,गिरिडीह

PR291381 (Water Resource)22-23*D

# जेएसपी को मिला सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड

## मुख्यमंत्री ने विजेता और उपविजेता पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर/मुंबई।** अग्रणी इस्पात निमार्ता जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को मुंबई में आयोजित अपने विशेष शिक्षा कार्यक्रम 'आशा-द होप' कार्यक्रम के लिए शिक्षा और कौशल विकास की श्रेणी के तहत प्रतिष्ठित सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड 2022 का विजेता घोषित किया गया। मुंबई स्थित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 25 फरवरी 2023 को आयोजित एक कार्यक्रम में जेएसपी अध्यक्ष और ग्रुप प्रमुख (सीएसआर) प्रशांत होता ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य प्रशासनिक सचिव और पूर्व चुनाव आयुक्त जेएस सहारिया से पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ सिंदे ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और कॉरपोरेट्स की उनके सीएसआर पहल के तहत विभिन्न समावेशी विकास कार्यक्रमों के लिए सराहना की। मुख्यमंत्री ने विजेता और उपविजेता पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कड़ी चयन प्रक्रिया अपनाने के लिए ग्रैंड जूरी की सराहना की। कंपनी और उसके सीएसआर आर्म जेएसपी फाउंडेशन की ओर से प्रशांत होता प्रेसिडेंट और जेएसपी के ग्रुप हेड सीएसआर एंड एजुकेशन ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑडिटोरियम, मुंबई में पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने के लिए टीम सीएसआर को बधाई देते हुए, जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल ने कहा, आशा द होप, दिव्यांगजनों के पुनर्वास और मुख्यधारा में लाने के लिए जेएसपी फाउंडेशन का फ्लैगशिप प्रोग्राम मेरे दिल के करीब है। हम एक समावेशी भारत के लिए अपने सपने का पीछा करते हैं। जहां जीवन की बुनियादी जरूरतों से कोई भी नहीं छूटना चाहिए। शिक्षा सभ्यताओं का निर्माण खंड है और मुझे दृढ़ विश्वास है कि हमारे दिग्यांग बच्चे और नागरिक राष्ट्र निमार्ता बने रहेंगे, यदि हम सभी समावेशी उपायों के साथ उनका समर्थन करने की अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं, उचित पुनर्वास और विशेष शिक्षा। हमारे काम को मान्यता देने और इस प्रतिष्ठित सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड के विजेता के रूप में हमें चुनने के लिए मैं जूरी का आभारी हूं। जेएसपी की प्रमुख सीएसआर पहल ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड में जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित 'आशा-द होप' कार्यक्रम है।

### पांच हजार से अधिक बच्चे लाभान्वित हुए

इस कार्यक्रम के तहत, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को विभिन्न केंद्र-आधारित उपचार और पुनर्वास सेवायें प्रदान की जाती हैं जैसे व्यावसायिक चिकित्सा, भाषण प्रशिक्षण, विशेष शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण। इस पहल से 5000 से अधिक बच्चे लाभांवित हुए हैं। जेएसपी को हाल ही में विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिसमें उत्कृष्ट सीएसआर प्रदर्शन के लिए गोल्डन पिक अवार्ड और फीकी उरफ स्पेशल कमेंडेशन अवार्ड शामिल हैं। जेएसपी को भारत सरकार के कॉपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सीएसआर अवाड्र्स-2020 की दो श्रेणियों में विजेता घोषित किया गया है।

# मुख्यमंत्री नवीन पटनायक दो दिवसीय दौरे पर मुंबई पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक आज से दो दिवसीय मुंबई दौरे पर हैं। कुछ उद्योग जगत के हस्तियों से मिलने का भी कार्यक्रम है, जिन्हें खेलों के विकास में योगदान के लिए सम्मानित किया जायेगा। बाद में भुवनेश्वर लौटने की योजना है। ओडिशा में दो बार हॉकी विश्व कप के आयोजन के लिए राज्य सरकार की तारीफ हो चुकी है। इसी तरह राउरकेला में दुनिया का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम सिर्फ एक साल में बनकर तैयार हुआ है। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम की क्षमता 20,000 दर्शकों की है। इन सभी उपलब्धियों के लिए यह पुरस्कार मुख्यमंत्री को दिया जायेगा। इन सभी मामलों में राज्य का गौरव दोगुना होता है। खेल के क्षेत्र में ओड़िशा का योगदान आज विश्व विख्यात है। इसके लिए मुख्यमंत्री को सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री मुंबई में कुछ उद्योगपतियों से भी मुलाकात करेंगे। कल भुवनेश्वर लौटने की योजना है।

# मार्च 1 तारीख को +2 परीक्षा, सीसीटीवी स्कैनर पर परीक्षा केंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** +2 परीक्षा 1 मार्च से होगी। इस बार सीसीटीवी पर फोकस है। गण शिक्षा मंत्री समीर रंजन दास ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों सीसीटीवी स्कैनर में रहेगें। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। उधर, शिक्षकों की परीक्षा रद्द करने के मामले पर मंत्री ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अध्यापकों के मांगें पूरी नहीं होने पर परीक्षा रद्द करने की चेतावनी दी। यह हमारे संज्ञान में आया है। हम अध्यापकों से अनुरोध करेंगे कि वह बच्चे की स्वार्थ को पहले देखे। इसलिए उसे परीक्षा में सहयोग करें। चचायें हमेशा चलती रहती हैं। चर्चा के बाद सब कुछ समाधान हो जायेगा। इसलिए प्रारंभिक परीक्षा के बाद मांगों को पूरा करने के लिए कुछ निर्णय लिया जायेगा।

## ओड़िशा में सोने की खदानें है: खान और इस्पात मंत्री प्रफुल्ल मल्लिक ने इसकी जानकारी विधानसभा में दी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में सोने की खदानें हैं। राज्य के तीन जिलों में सोने के पत्थर का संधान मिले हैं। वे देवगड, क्योंझर और मयूरभंज के विभिन्न क्षेत्रों में सोने के पत्थर हैं। विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान खान मंत्री प्रफुल्ल मल्लिक ने एक लिखित उत्तर में कहा कि ओड़िशा के तीन जिलों में सोने की खदानें मिली हैं। विधायक सुधीर कुमार सामल के सवाल का जवाब देते हुए खान मंत्री ने कहा कि राज्य खान एवं भूतत्व निदेशालय, भारतीय सर्वेक्षण संगठन जीएसआइ द्वारा किये गये अनुसंधान के अनुसार 3 जिलों में सोने के पत्थर हैं। सूचना मिला है कि देवगड जिले के अडाश इलाके में 1685 किलो सोना है। बताया गया है कि क्योंझर जिले के गोपुर, गाजीपुर, कुशकला, अडाल और तेलकोई इलाके के सलेइकाना, डिमिरीमुंडा, करडंगा इलाकों में सोने की खदानें हैं। इसी तरह मयूरभंज जिले के यशीपुर, सुरियागुडा, रुआंसी, इडेलकुचा, मारेडीही और सुलेइपाट इलाके में सोने की खदानें होने की जानकारी मिली है।







## स्वास्थ्य मंत्री ने विधानसभा में एलान किया

# राज्य में जल्द ही 5 हजार डॉक्टरों की भर्ती की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य सरकार जल्द ही राज्य में 5 हजार डॉक्टरों की नियुक्ति करेगी। भर्ती दो चरणों में की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री निरंजन पुजारी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जिला राइरंगपुर अस्पताल में डॉक्टर की नियुक्ति की घोषणा की ही। राज्य के अस्पतालों में बेड की कमी के सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री निरंजन पुजारी ने कहा, 'राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अच्छी स्वास्थ्य सेवायें मुहैया करायी गई हैं। बेड के अभाव में किसी भी मरीज को वापस नहीं किया जाता है। निर्मल योजना में अस्पताल की परिसर को सफाई की जा रही है। 2022-23 में बेड की संख्या बढ़ाकर 25 हजार 636 की गई है। इस वर्ष एकीकृत स्वास्थ्य विकास नीति में 21 हजार 342 बिस्तर और बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की गयी है। हालांकि, विपक्ष ने मंत्री के जवाब पर असंतोष जताया। विपक्षी दल के मुख्य सचेतक मोहन मांझी ने आरोप लगाया है कि नासनेल मेडीकल काउंसिल के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है और मरीजों को बिस्तर नहीं मिल रहे हैं।







## घोषणा के बाद आइएएस अधिकारी ने पुरी जाकर दर्शन किया



**भुवनेश्वर/पुरी।** नये मुख्य शासन सचिव की घोषणा के बाद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री प्रदीप जेना ने पुरी जाकर श्रीमहाप्रभु को दर्शन की। कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने पूरी जाकर श्रीमहाप्रभु के दर्शन किये और उनका आशीर्वाद लिया। प्रदीप जेना ने कहा कि भगवान की मर्जी के बिना कुछ नहीं होता उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के पास पुरी के लिए बड़ी योजनाएं हैं। हालांकि 28 तारीख को मुख्य शासन सचिव सुरेश चंद्र महापात्र का कार्यकाल समाप्त होने के बाद श्री जैना उनकी जगह पर कार्यभार संभालेंगे। राज्य सरकार ने 1989 बैच का आइएएस अधिकारी प्रदीप जेना को गुरु दायित्व दिया है। मौजूदा मुख्य शासन सचिव सुरेश महापात्र का कार्यकाल 28 को समाप्त होगा। साधारण प्रशासन विभाग की ओर से विज्ञप्ति प्रकाश की गई है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**